ESTD. 1948

# वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी
(हिमाचल प्रदेश)

75th

## वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह
[वीरवार, 12 मार्च, 2026]

# वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26

**मुख्य अतिथि**

## श्री रोहित ठाकुर

**माननीय शिक्षा मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार**

**प्रस्तुतिः**

डॉ॰ संजीव कुमार
[प्राचार्य]

# वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी

## वार्षिक प्रतिवेदन: शैक्षणिक सत्र 2025-26

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के, छात्रों, छात्र संघ, अभिभावक-शिक्षक संघ और पूर्व छात्र संघ की ओर से मैं, हमारे सम्मानित मुख्यातिथि **श्री रोहित ठाकुर जी, माननीय शिक्षा मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार** का इस प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान के **75वें** वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। इसके साथ ही इस समारोह के शुभ अवसर पर यहां पर विद्यमान समस्त गणमान्य अतिथियों, सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों, कर्मचारियों, शिक्षण वर्ग के पूर्व सदस्य, मीडिया प्रतिनिधियों और इस महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का मैं, समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूं, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय की वृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी का नाम आधुनिक भारत के निर्माता एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में रखा गया है। हिमाचल प्रदेश के प्राचीनतम उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1948 में, स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक काल में की गई थी। हिमाचल प्रदेश के प्रथम महाविद्यालय के रूप में इसकी स्थापना ने पर्वतीय क्षेत्र के शैक्षिणक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। ज्ञानार्जन एवं प्रगति की निरंतर साधना के फलस्वरूप यह महाविद्यालय एक विशाल बहुआयामी शिक्षण संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। वर्तमान में यह महाविद्यालय सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी से संबद्ध है, जहाँ कला, विज्ञान, वाणिज्य, कंप्यूटर अनुप्रयोग, व्यावसायिक शिक्षा, प्रबन्धन तथा शिक्षा संकायों में विविध स्नातक पाठ्यक्रम नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी में उच्च शिक्षा संस्थान सोसाइटी (HEIS) के अंतर्गत B.Ed., B.B.A, B.C.A. तथा P.G.D.C.A. जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी नियमित रूप से चल रहे हैं। साथ ही, यहाँ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र भी सुचारु रूप से कार्यरत है।

**स्थापना:** किसी भी संगठन की सफलता उसके कर्मचारियों के समर्पण और प्रतिबद्धता पर आधारित होती है। राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के पास ईमानदार और मेहनती कर्मचारियों की एक समृद्ध परम्परा रही है। वर्तमान में, महाविद्यालय में कुल 139 पद हैं जिनमें 73 शिक्षक वर्ग और 33 गैर-शिक्षक वर्ग के है, शिक्षकों के 13 पद और गैर-शिक्षक कर्मचारियों के 20 पद रिक्त चल रहें हैं। मान्यवर,अब मैं, महाविद्यालय के सत्र 2025-26 की समस्त गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत करने जा रहा हूं।

**सेवानिवृत्ति और पदोन्नति:-** इस शैक्षणिक सत्र में प्रो० हेमराज राणा, प्रो० राम सिंह अटल, प्रो० जोगिंदर जसवाल, डॉ० चेतन सिंह राणा और श्री राजेंद्र सिंह (क्लास IV) अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए। डॉ० रविंदर कुमार (वाणिज्य) और प्रो० सीमा शर्मा (रसायन विज्ञान) को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया तथा श्री सुंदर लाल को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। श्री धर्म देव को वरिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नत किया गया और तत्पश्चात उनका स्थानांतरण कर दिया गया।

**स्थानांतरण:** इस शैक्षणिक सत्र के दौरान शिक्षण संकाय से डॉ० ज्योति, डॉ० राज कुमार जमवाल और डॉ० अनीता कुमारी का संस्थान से स्थानांतरण किया गया। गैर-शिक्षण कर्मचारियों में से श्री प्रवीण कुमार (L.A.) का भी स्थानांतरण किया गया।

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी में सम्मिलित हुए नए शिक्षक एवं गैर शिक्षक:- शिक्षक वर्ग में** परविंदर कौर, डॉ० विवेक कपूर, प्रो० राज कुमार और डॉ० हेमलता इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए। **गैर-शिक्षक वर्ग** में अधीक्षक (ग्रेड-I) श्री गोपाल सिंह गुलेरिया, तथा सहायक कर्मचारी सदस्य श्रीमती सुमित्रा और श्री मोहन लाल इस सत्र में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

| **18 फ़रवरी, 2026 तक शिक्षक कर्मचारियों के स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों की स्थिति** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **विषय** | **स्वीकृत** | **भरे हुए पद** | | | **रिक्त पद** | **स्थानीय पी.टी.ए. (if any)** |
| | | **नियमित** | **अनुबन्ध** | **PTA (GIA)** | | |
| Principal | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| English | 09 | 06 | 01 | Nil | 02 | Nil |
| Hindi | 06 | 05 | Nil | 01 | 00 | Nil |
| Political Science | 06 | 04 | Nil | Nil | 02 | Nil |
| History | 03 | 02 | Nil | Nil | 01 | Nil |
| Economics | 04 | 03 | Nil | Nil | 01 | Nil |
| Public Administration | 01 | 00 | 01 | 01 | Nil | Nil |
| Sociology | 02 | 02 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Sanskrit | 02 | 02 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Geography | 02 | 01 | Nil | Nil | 01 | Nil |
| Commerce | 05 | 04 | Nil | Nil | 01 | Nil |
| Mathematics | 07 | 05 | Nil | Nil | 02 | Nil |
| Physics | 05 | 05 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Chemistry | 08 | 06 | Nil | Nil | 02 | Nil |
| Botany | 06 | 06 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Zoology | 04 | 04 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Computer Application | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Physical Education | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Journalism | 02 | 02 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Music | 02 | 02 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Tourism &Travel | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Education | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Painting | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Applied Arts | 01 | 00 | Nil | Nil | 01 | Nil |
| Sculpture | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Psychology | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Environmental Science | 01 | 00 | 01 | Nil | Nil | Nil |
| Dance | 01 | 01 | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Total | 85 | 68 | 03 | 02 | 13 | Nil |

| 18 फ़रवरी, 2026 तक गैर-शिक्षक कर्मचारियों के स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों की स्थिति | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Category** | **स्वीकृत पद** | **भरे हुए पद** | **रिक्त पद** | **स्थानीय पी.टी.ए. (if any)** |
| Supdt.Gr-1 | 01 | 01 | Nil | Nil |
| Supdt.Gr-11 | 01 | 01 | Nil | Nil |
| Sr. Asstt. | 02 | Nil | 02 | Nil |
| Jr.Asstt./Clk/Jr.Off. Asstt. | 06 | 04 | 02 | Nil |
| Librarian | 01 | Nil | 01 | Nil |
| Asstt. Lib | 03 | 03 | Nil | Nil |
| SLA | 02 | 01 | 01 | Nil |
| JLA | 04 | 01 | 03 | Nil |
| LA | 09 | 09 | Nil | Nil |
| Peon | 14 | 13 | 01 | Nil |
| Sweeper | 02 | Nil | 02 | Nil |
| Daily Wages | 04 | 01 | 03 | Nil |
| Tabla Vadak | 01 | Nil | 01 | Nil |
| Mechanic | 01 | Nil | 01 | Nil |
| Pharmacist | 01 | Nil | 01 | Nil |
| Gasman | 01 | Nil | 01 | Nil |
| Animal Collector | 01 | Nil | 01 | Nil |
| Total | 54 | 34 | 20 | Nil |

## सत्र 2025-26 हेतु संकाय एवं कक्षा-वार नामांकन विवरण

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय में कुल नामांकन संख्या 5356 है। इस सत्र में छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में अधिक है, जो संस्थान में बढ़ती हुई छात्रा शिक्षा के प्रति जागरूकता और प्रगति को दर्शाती है। कुल नामांकित विद्यार्थियों में से 3087 छात्राएँ हैं, जबकि छात्रों की संख्या 2269 है। इस प्रकार, छात्राओं की संख्या स्पष्ट रूप से छात्रों से अधिक है, जो उच्च शिक्षा में उनकी सक्रिय एवं उल्लेखनीय सहभागिता को परिलक्षित करती है।

### वर्गवार छात्र नामांकन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी, हिमाचल प्रदेश (सत्र 2025-26)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Stream** | **Class/Stream wise Enrollment** | **General** | | **SC** | | **ST** | | **OBC** | | **Total A (3+5+7+9)** | **Total B (4+6+8+10)** | **G.Total (11+12)** |
| | | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | |
| **Arts** | B.A. 1st Year | 305 | 387 | 199 | 210 | 6 | 8 | 38 | 37 | 548 | 642 | 1190 |
| | B.A. 2nd Year | 195 | 319 | 117 | 167 | 6 | 5 | 29 | 33 | 347 | 524 | 871 |
| | B.A. 3rd Year | 162 | 310 | 75 | 151 | 6 | 8 | 27 | 48 | 270 | 517 | 787 |
| | **Total** | **662** | **1016** | **391** | **528** | **18** | **21** | **94** | **118** | **1165** | **1683** | **2848** |
| **Science** | B.Sc. 1st Year | 125 | 193 | 49 | 63 | 5 | 5 | 15 | 14 | 194 | 275 | 469 |
| | B.Sc. 2nd Year | 43 | 103 | 12 | 43 | 4 | 5 | 5 | 7 | 64 | 158 | 222 |
| | B.Sc. 3rd Year | 44 | 87 | 16 | 44 | 4 | 3 | 5 | 12 | 69 | 146 | 215 |
| | **Total** | **212** | **383** | **77** | **150** | **13** | **13** | **25** | **33** | **327** | **579** | **906** |
| **Commerce** | B.Com. 1st Year | 57 | 45 | 31 | 25 | 1 | 4 | 2 | 6 | 91 | 80 | 171 |
| | B.Com. 2nd Year | 52 | 46 | 29 | 30 | 0 | 2 | 5 | 3 | 86 | 81 | 167 |
| | B.Com. 3rd Year | 30 | 34 | 12 | 15 | 4 | 1 | 1 | 4 | 47 | 54 | 101 |
| | **Total** | **139** | **125** | **72** | **70** | **5** | **7** | **8** | **13** | **224** | **215** | **439** |

| Grand Total (Arts+Science+Commerce) | 1013 | 1524 | 540 | 748 | 36 | 41 | 127 | 164 | 1716 | 2477 | 4193 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MA | M.A. Economics 1st Semester | 2 | 10 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 14 | 17 |
| | M.A. Economics 3rd Semester | 3 | 10 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 5 | 13 | 18 |
| | M.A. English 1st Semester | 5 | 21 | 1 | 6 | 0 | 2 | 1 | 2 | 7 | 31 | 38 |
| | M.A. English 3rd Semester | 4 | 19 | 6 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 11 | 23 | 34 |
| | M.A. Hindi 1st Semester | 1 | 20 | 1 | 9 | 0 | 1 | 0 | 7 | 2 | 37 | 39 |
| | M.A. Hindi 3rd Semester | 1 | 22 | 0 | 5 | 0 | 0 | 2 | 4 | 3 | 31 | 34 |
| | M.A. Pol. Sc. 1st Semester | 7 | 19 | 1 | 7 | 1 | 2 | 1 | 0 | 10 | 28 | 38 |
| | M.A. Pol. Sc. 3rd Semester | 9 | 18 | 2 | 6 | 0 | 2 | 1 | 0 | 12 | 26 | 38 |
| | **Total** | **32** | **139** | **14** | **41** | **2** | **8** | **5** | **15** | **53** | **203** | **256** |
| M.Com. | M.Com. 1st Semester | 5 | 18 | 6 | 9 | 0 | 2 | 0 | 1 | 11 | 30 | 41 |
| | M.Com. 3rd Semester | 2 | 19 | 2 | 9 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 29 | 33 |
| | **Total** | **7** | **37** | **8** | **18** | **0** | **2** | **0** | **2** | **15** | **59** | **74** |
| M.Sc. | M.Sc. Math. 1st Semester | 10 | 14 | 6 | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 17 | 19 | 36 |
| | M.Sc. Math. 3rd Semester | 5 | 19 | 3 | 4 | 1 | 2 | 0 | 0 | 9 | 25 | 34 |
| | **Total** | **15** | **33** | **9** | **9** | **1** | **2** | **1** | **0** | **26** | **44** | **70** |
| **Grand Total (M.A.+M.Com.+M.Sc.)** | | **54** | **209** | **31** | **68** | **3** | **12** | **6** | **17** | **94** | **306** | **400** |

| Stream | Class/Stream wise Enrollment | General | | SC | | ST | | OBC | | Total A (3+5+7+9) | Total B (4+6+8+10) | G.Total (11+12) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G | |
| B.Voc. | Retail Management 1st Sem | 10 | 9 | 6 | 5 | 0 | 0 | 3 | 0 | 19 | 14 | 33 |
| | Retail Management 3rd Sem. | 8 | 5 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 10 | 7 | 17 |
| | Retail Management 5th Sem. | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 5 | 3 | 8 |
| | **Total** | **22** | **16** | **8** | **6** | **0** | **1** | **4** | **1** | **34** | **24** | **58** |
| | Hospitality & Tourism 1st Sem. | 26 | 9 | 5 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 32 | 10 | 42 |
| | Hospitality & Tourism 3rd Sem. | 20 | 7 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 | 7 | 32 |
| | Hospitality & Tourism 5th Sem. | 21 | 7 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 24 | 8 | 32 |
| | **Total** | **67** | **23** | **13** | **2** | **0** | **0** | **1** | **0** | **81** | **25** | **106** |
| **Grand Total B.VOC. (Retail Mgt. & Hospitality and Tourism)** | | **89** | **39** | **21** | **8** | **0** | **1** | **5** | **1** | **115** | **49** | **164** |
| **Self-Finance Courses** | | | | | | | | | | | | |
| BBA | **BBA 1st Year** | 39 | 25 | 15 | 4 | 0 | 0 | 4 | 0 | 58 | 29 | 87 |
| | **BBA 2nd Year** | 31 | 14 | 6 | 4 | 0 | 0 | 1 | 1 | 38 | 19 | 57 |
| | **BBA 3rd Year** | 26 | 16 | 3 | 2 | 1 | 1 | 3 | 0 | 33 | 19 | 52 |
| | **Total** | **96** | **55** | **24** | **10** | **1** | **1** | **8** | **1** | **129** | **67** | **196** |
| BCA | **BCA 1st Year** | 41 | 31 | 8 | 2 | 1 | 2 | 4 | 0 | 54 | 35 | 89 |
| | **BCA 2nd Year** | 49 | 18 | 7 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 58 | 20 | 78 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **BCA 3rd Year** | 36 | 24 | 2 | 5 | 0 | 0 | 3 | 2 | 41 | 31 | 72 |
| | **Total** | **126** | **73** | **17** | **9** | **2** | **2** | **8** | **2** | **153** | **86** | **239** |
| **PGDCA** | **1st Semester** | **18** | **30** | **5** | **8** | **0** | **1** | **2** | **0** | **25** | **39** | **64** |
| **B.Ed.** | **1st Year** | 21 | 43 | 8 | 14 | 2 | 3 | 6 | 3 | 37 | 63 | **100** |
| **B.Ed.** | **2nd Year** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| **Grand Total (BBA+BCA+PGDCA+B.Ed.)** | | **240** | **158** | **46** | **27** | **3** | **4** | **18** | **3** | **344** | **255** | **599** |

| | |
|---|---|
| **Boys** | **2269** |
| **Girls** | **3087** |
| **Overall Total** | **5356** |

## केंद्रीय छात्र परिषद (CSCA) 2025-26

महाविद्यालय की केंद्रीय छात्र परिषद ने विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में उल्लेखनीय योगदान दिया। परिषद ने महाविद्यालय में अध्ययन के अनुकूल वातावरण बनाए रखने हेतु अनुशासन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

सत्र 2025-26 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद के निम्नलिखित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मनोनयन किया गया है :-

| **Post** | **Name of the Student** | **Class** |
|---|---|---|
| **President** | Saksham | M. Sc. Mathematics 1st Sem. |
| **Vice-President** | Jagriti | B. Sc. 3rd year |
| **Secretary** | Muskan | B.A. 2nd year |
| **Joint- Secretary** | Palak | B. Com. 1st year |

## अभिभावक-शिक्षक संघ (PTA)

अभिभावक-शिक्षक संघ, हर वर्ष शिक्षण कर्मचारी, छात्रों और अभिभावकों के बीच अच्छे सम्बन्ध बनाने के उद्देश्य से गठित की जाती है। प्रत्येक शैक्षिणक सत्र में इसका गठन किया जाता है। इसके अंतर्गत सभी विद्यार्थी तथा शिक्षक निश्चित राशि का योगदान करते हैं जिसका महाविद्यालय की शैक्षिणक गतिविधियों में गुणवत्ता लाने तथा संस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए उपयोग किया जाता है। गत वर्षो की भांति इस सत्र के दौरान भी इस समिति के पदाधिकारी व सदस्यों का चयन आम सहमति से किया गया है। नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम इस प्रकार से हैं :-

| | |
|---|---|
| **President** | Sh. Surender Thakur |
| **Vice- President** | Smt. Suman Thakur |
| **General Secretary** | Dr. Rattan Lal Thakur (Associate Professor) |
| **Joint-Secretary** | Sh. Hari Singh |
| **Chief Advisor** | Dr. Pradeep Kumar (Associate Professor) |
| **Treasurer** | Dr. Ritesh Verma (Assistant Professor) |

## सत्र 2025-26 के लिए पीटीए की आय और व्यय का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Opening Balance as on 1 अप्रैल, 2025 | 3463916.93/- |
| 2. | Income for the financial year 2025-26 (with interest) | 26,86,840/- |
| 3. | Expenditure for the year up to 9 फ़रवरी, 2026 | 13,73,336/- |

## वल्लभ राजकीय महाविद्यालय पूर्व छात्र संघ, मण्डी

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के पूर्व छात्रों द्वारा अपने मध्य आजीवन संबंधों को सुदृढ़ बनाने, महाविद्यालय के समग्र विकास एवं कल्याण को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा के उन्नयन में सक्रिय योगदान देने के उद्देश्य से "वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी पूर्व छात्र संघ" की स्थापना की गई है। यह संघ हिमाचल प्रदेश सोसाइटी पंजीकरण

अधिनियम, 2006 (अधिनियम संख्या-25, 2006) के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत किया गया है। पूर्व छात्र संघ का पंजीकरण दिनांक 30 जनवरी, 2025 को संपन्न हुआ। इस संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को एक सशक्त मंच प्रदान करना, उनके मध्य आपसी सहयोग एवं संवाद को बढ़ावा देना तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक,सांस्कृतिक एवं अधोसंरचनात्मक (इंफ्रास्ट्रक्चर) प्रगति में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। पूर्व छात्र संघ ने दिसंबर, 2025 में छात्रों के कल्याण हेतु कॉलेज पुस्तकालय में स्थापित किए जाने के लिए दो पूर्ण आकार के Havells Hestio 15 WAVE FIN Oil Filled Radiators दान किए हैं, जिनकी लागत ₹28,000/- है। संघ के संस्थापक पदाधिकारियों का विवरण निम्नलिखित है:-

| | |
|---|---|
| डॉ० हेम राज राणा | अध्यक्ष |
| डॉ० तारा सेन | उपाध्यक्ष |
| प्रो० सूरजमणि ठाकुर | सचिव |
| डॉ० याचना शर्मा | संयुक्त सचिव |
| डॉ० रितेश वर्मा | कोषाध्यक्ष |

यह पूर्व छात्र संघ महाविद्यालय एवं उसके पूर्व छात्रों के मध्य सुदृढ़ सम्बन्ध स्थापित करने तथा संस्थान के सतत् विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**छात्रवृत्तियाँ**:- मान्यवर, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अति निर्धन परिवारों आदि से संबंधित योग्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियां प्रदान की जाती है ताकि हमारे महाविद्यालय में इन वर्गों से संबंधित कोई भी विद्यार्थी धन का अभाव होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहे। हमारे महाविद्यालय में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत कुल 543 विद्यार्थी आते हैं इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को वितरित की जा रही छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है:-

| S. No. | Scholarship Scheme | No. of students |
|---|---|---|
| 1. | Central Sector Scheme of Scholarship for college and university students. | 127 |
| 2. | Centrally Sponsored Post Matric Scholarship Scheme for SC Students | 157 |
| 3. | Kalpana Chawla Chatravriti Yojna | 106 |
| 4. | Mukhya Mantri Vidyarthi Kalyan Yojna | 13 |
| 5. | PM Yashasvi Post Matric Scholarship For OBC, EBC And DNT Students | 121 |
| 6. | Indira Gandhi Utkrisht Chatarvriti Yojna Himachal Pradesh | 03 |
| 7. | National Scholarship for the Post Graduate Studies | 01 |
| 8.. | Centrally Sponsored Post Matric Scholarship Scheme for ST Students | 09 |
| 9 | Post matric scholarship for students with disabilities | 05 |
| 10 | PM scholarship scheme for Central armed police forces and Assam rifles | 01 |
| **Total** | | **543** |

वितरित राशि: इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को वितरित की गई राशि लगभग 50,69,000/- रुपये है।

**विशेष छात्रवृत्तियाँ**: सरकारी छात्रवृत्तियों के अतिरिक्त विद्यार्थियों को कुछ निजी छात्रवृत्तियाँ भी प्रदान की जाती हैं:

| S. No. | Scholarship Scheme | Number of Students | Amount Disbursed (in rupees) |
|---|---|---|---|
| **1.** | P.T.A. Sponsored Financial Assistance | 37 | 74,352/- |
| **2.** | B.R. Awasthi Memorial Scholarship | 02 | 10,200/- |
| **3.** | Sonia Sharma Memorial Scholarship | 02 | 11000/- |
| **4.** | S.D. Puri Memorial Scholarship | 02 | 5000/- |
| **5.** | Smt. Rukmani Devi and Thakur Tej Singh Memorial Scholarship | 02 | 5000/- |
| **6.** | Contributory Fund Sponsored Scholarship | 08 | 18,292/- |

**पुस्तकालय:** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी का पुस्तकालय इस प्रतिष्ठित संस्थान में अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 38,278 मूल्यवान पुस्तकें, 12 समाचार-पत्र, 23 पत्रिकाएँ तथा 6 जर्नल उपलब्ध हैं। महाविद्यालय पुस्तकालय आई.एन.एफ.एलिबनेट केन्द्र, अहमदाबाद का NLIST सदस्य है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के सहयोग से महाविद्यालय में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एन.डी.एल.आई) क्लब की स्थापना की गई है। महाविद्यालय ONOS पोर्टल पर भी पंजीकृत है। पुस्तकालय में "SOUL 3.0" पुस्तकालय प्रबन्धन सॉफ्टवेयर लागू किया गया है, जिससे पुस्तकालय की कार्यप्रणाली पूर्णतः स्वचालित हो गई है।

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU):**
महाविद्यालय में इग्नू (केन्द्र क्रमांक: 1102) का एक अध्ययन केन्द्र है, जिसकी स्थापना वर्ष 1986 में की गई थी। वर्तमान सत्र में इस अध्ययन केन्द्र में लगभग 5096 पंजीकरण हुए हैं। डॉ० राज कुमार ठाकुर इसमें समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं, डॉ० होशियार सिंह और प्रो० महेन्दर सिंह (इतिहास) सह-समन्वयक के रूप में सेवा दे रहे हैं। यह केन्द्र विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करता है, जैसे: स्नातक (UG), स्नातकोत्तर (PG), डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम। वर्तमान में यह अध्ययन केन्द्र हिमाचल प्रदेश में सर्वाधिक नामांकन वाला केन्द्र है। इसके सराहनीय कार्य के लिए इसे इग्नू (दिल्ली मुख्यालय) द्वारा प्रशंसा प्राप्त हुई है।

**डाकघर, बैंक एवं बस पास सुविधा**: महाविद्यालय परिसर में छात्रों के लिए डाकघर एवं बस पास काउंटर संचालित हैं। महाविद्यालय परिसर में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की बैंक सुविधा भी उपलब्ध है।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)**
महाविद्यालय को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) के तीन विंग होने पर गर्व है। वायु सेना विंग (छात्र एवं छात्रा), सेना विंग (छात्र), एवं सेना विंग (छात्रा)।

**एन.सी.सी. वायु सेना विंग**
यह विंग डॉ० चमन लाल क्रान्ति सिंह के नेतृत्व में कार्य करता है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दौरान विंग ने प्रशिक्षण, राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व एवं सामुदायिक सेवा में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं।

**प्रशिक्षण, शिविर एवं अनुभव:**

- 5 से 14 जून, 2025 तक एल.एफ.सी. ईशा भारती, कैडेट दीपाली, कैडेट रुचिका, कैडेट नोवेल ठाकुर, कैडेट नामिका, कैडेट निवेदिता एवं कैडेट अनन्या चंदेल ने धर्मशाला में आयोजित अखिल भारतीय कन्या ट्रेकिंग शिविर (AIKTC) में विंग का प्रतिनिधित्व किया। इस शिविर ने उनमें धैर्य, टीम सहयोग एवं आत्मविश्वास के गुणों को विकसित किया
- 22 जुलाई से 2 अगस्त, 2025 तक कैडेट अंश, कैडेट सार्थक लखन पाल एवं कैडेट ऋतेश कटवाल ने किन्नौर के कल्पा में प्रज्वलित ग्राम शिविर में भाग लिया
- कैडेट सार्जेंट मुस्कान एवं कैडेट वारंट अधिकारी गणेश भारद्वाज ने अगस्त-नवम्बर, 2025 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय वायु सैनिक शिविर (AIVSC) में भाग लिया। कैडेट सार्जेंट मुस्कान को विमानन जागरूकता, अनुशासन एवं नेतृत्व में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ एवं उन्होंने शिविर में स्वर्ण पदक जीता
- कैडेट मितुल, एलएफसी कनिष्का सेन, एलएफसी राजश्री, कैडेट कॉर्पोरल विजय लक्ष्मी दुग्गल एवं कैडेट कॉर्पोरल दीक्षा कुमारी ने रोपड़ में प्री-गणतन्त्र दिवस शिविर (Pre-RDC 2025) में भाग लिया। इन कैडेटों ने शिविर में तीव्र ड्रिल, परेड अभ्यास एवं नेतृत्व प्रशिक्षण प्राप्त किया
- एस.यू.ओ. दीक्षा कुमारी एवं सीयूओ विजय लक्ष्मी दुग्गल ने भारत-भूटान युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (YEP 2025) में भारत का प्रतिनिधित्व किया। कैडेट नितीशा कुमारी ने हैदराबाद में वायु सेना अकादमी शिविर में भाग लिया

**वायु सेना विंग की उपलब्धियाँ एवं सम्मान:**
महाविद्यालय की एन.सी.सी. वायु सेना विंग इकाई ने देशव्यापी उल्लेखनीय मान्यता प्राप्त की। इकाई के उत्कृष्ट कैडेटों को गणतन्त्र दिवस पर माननीय आयुष मंत्री श्री यादविंदर गोमा द्वारा प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

- सी.एस.यू.ओ. दीक्षा कुमारी को RDC-2025 में अखिल भारतीय गार्ड कमांडर के रूप में सेवा के लिए सम्मानित किया गया
- सी.यू.ओ. विजय लक्ष्मी दुग्गल को प्रधानमंत्री रैली एवं भारत-भूटान युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भागीदारी हेतु सम्मानित किया गया
- सार्जेंट नागेंद्र सिंह ने गणतन्त्र दिवस शिविर (दिल्ली)-2026 में इकाई का प्रतिनिधित्व किया एवं प्रधानमंत्री रैली में भाग लिया
- सार्जेंट मुस्कान को 300 किलोमीटर साइकिल यात्रा पूर्ण करने एवं AIVSC में स्वर्ण पदक हेतु विशेष मान्यता प्राप्त हुई
- सार्जेंट तेजस्विनी सिंह को RDC-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नेतृत्व हेतु सर्वश्रेष्ठ कैडेट घोषित किया गया
- कैडेट संघर्ष ठाकुर को 2026 में अधिकारियों प्रशिक्षण अकादमी (चेन्नई) के माध्यम से कमीशन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया

**एन.सी.सी. सेना विंग (छात्र)**

महाविद्यालय का एन.सी.सी. सेना विंग (छात्र) डॉ० बलबीर सिंह के नेतृत्व में कार्यरत है। इस सत्र में व्यवस्थित प्रशिक्षण, राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता, नेतृत्व विकास एवं सामाजिक-राष्ट्रीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया।

**रैंक समारोह:-** रैंक समारोह के दौरान कैडेट प्रवीण कुमार को वरिष्ठ उप-अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया। कैडेट ओम प्रकाश एवं कोमल को उप-अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया। कैडेट पीयूष, तान्या, यशिका, अरमान, वेद प्रकाश, प्रशांत एवं योगेश को सार्जेंट पद पर पदोन्नत किया गया। कैडेट विजय कुमार एवं हेम राज को कॉर्पोरल पद पर नियुक्त किया गया।

**वार्षिक प्रशिक्षण शिविर:** 4 से 13 जून, 2025 तक जवाहर नवोदय विद्यालय (पण्डोह) में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कुल 74 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कैडेटों ने भाग लिया। कैडेटों ने इस शिविर में कठोर शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण एवं अनुशासनपरक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की।

**नेतृत्व शिविर:-** कैडेट दुपेन्द्र, पारस, चन्द्रेशा एवं रक्षा ने 23 जून से 2 जुलाई, 2025 तक पंजाब के मलोट में आधारभूत नेतृत्व शिविर में भाग लिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें उन्नत नेतृत्व शिविर हेतु चयनित किया गया।

**अन्य प्रमुख शिविर:-** उप-अधिकारी कोमल, सार्जेंट पीयूष एवं कैडेट भूषण कुमार ने 29 जून से 8 जुलाई, 2025 तक डॉ० वाई. एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) में प्री-आईजीसी शिविर में भाग लिया। उप-अधिकारी कोमल एवं सार्जेंट पीयूष ने 11 जुलाई से 21 जुलाई, 2025 तक रूपनगर में टी.एस.सी. आई.जी.सी. शिविर में सहभागिता की।

**विशेष आयोजन:-** यूनिट ने 26 जुलाई, 2025 को कारगिल विजय दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। कारगिल युद्ध के वीरों की बहादुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु रैली का भी आयोजन किया गया। 15 अगस्त, 2025 को सेरी मंच, मण्डी में स्वतंत्रता दिवस परेड में सक्रिय रूप से भाग लिया।पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ मिलकर 29 अगस्त, 2025 को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**नशामुक्त भारत अभियान:** महाविद्यालय के सेना विंग (छात्र) ने "नशामुक्त भारत" विषय के अंतर्गत विविध गतिविधियाँ आयोजित कीं तथा 30 अगस्त, 2025 को नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुत किया। इस जागरूकता पहल का उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से रोकना था। 22 सितम्बर, 2025 को कैडेटों ने नागरिक कर्तव्य को प्रोत्साहित करने हेतु स्वच्छ भारत रैली में भाग लिया। सफाई एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय परिसर में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाए गए।

**उन्नत नेतृत्व शिविर:** आधारभूत नेतृत्व शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सार्जेंट योगेश, कैडेट दुपेन्द्र एवं कैडेट चन्द्रेशा को 3 से 13 अक्तूबर, 2025 तक आयोजित उन्नत नेतृत्व शिविर हेतु चयनित किया गया।

**राष्ट्रीय शिविर:** पटियाला में प्री-आईजीसी गणतन्त्र दिवस शिविर में सहभागिता की। वरिष्ठ उप-अधिकारी प्रवीण कुमार को गणतन्त्र दिवस शिविर (आरडीसी)-2026 हेतु चयनित किया गया। उन्होंने 26 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गौरवपूर्ण मार्च किया, जिससे यूनिट का मान बढ़ा। 5 जनवरी, 2026 को अलहिलाल छावनी में सेना संयोजन शिविर में भाग लिया। कैडेटों को सेना जीवन एवं परिचालन प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।मण्डी के वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के कैडेटों ने सेरी मंच पर गणतन्त्र दिवस परेड-2026 में भाग लिया, जहाँ उप-अधिकारी ओम प्रकाश परेड कमांडर रहे तथा सार्जेंट पीयूष के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया अतः एन.सी.सी. सेना विंग (छात्र और छात्राओं) ने सम्पूर्ण सत्र में अनुशासित प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास, राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व एवं उत्कृष्ट सामुदायिक संलग्नता के माध्यम से निरंतर श्रेष्ठ कार्य किया, जिससे राष्ट्रीय कैडेट कोर के मूल्यों एवं आदर्शों को अक्षुण्ण रखा।

**एन.सी.सी. आर्मी विंग (छात्रा):** डॉ० कविता के नेतृत्व में एन.सी.सी. आर्मी विंग (छात्रा) के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 अत्यंत सक्रिय और उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा। इस अवधि में कैडेट्स ने अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर उन्होंने विंग का नाम गौरवान्वित किया।

**सत्र 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियाँ**

- 1 जून से 12 जुलाई, 2025 तक कैडेट कैप्टन डुमेश कुमारी ने मनाली में आयोजित आधारभूत पर्वतारोहण प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पर्वतारोहण की मूल तकनीकें, शारीरिक सहनशक्ति, दल-समन्वय तथा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता विकसित की तथा 10 अगस्त से 7 सितम्बर, 2025 तक कैडेट कैप्टन डुमेश कुमारी ने Directorate General NCC, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पर्वतारोहण अभियान में सहभागिता की। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में उन्होंने साहस, धैर्य और नेतृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।
- 21 अक्तूबर से 17 नवम्बर, 2025 तक कैडेट डुमेश कुमारी ने दार्जिलिंग मे आयोजित उन्नत पर्वतारोहण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से उन्होंने उच्च स्तरीय पर्वतारोहण तकनीकों, जोखिम प्रबन्धन तथा नेतृत्व क्षमता में और अधिक प्रवीणता प्राप्त की ।
- 17 से 24 जून, 2025 तक धर्मशाला छावनी में आयोजित अखिल भारतीय बालिका हिम ट्रेक शिविर में यूनिट का प्रतिनिधित्व किया गया। इस शिविर में कैडेट्स ने पर्वतीय मार्गों पर सामूहिक पदयात्रा कर साहस एवं सहनशक्ति का परिचय दिया ।
- 28 जून से 4 जुलाई, 2025 तक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस केन्द्र, बबेली में आयोजित शैलारोहण प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने चट्टानों पर चढ़ाई की तथा तकनीकों और सुरक्षा उपायों का अभ्यास किया ।
- 29 जून से 9 जुलाई, 2025 तक डॉ० वाई. एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित थल सैनिक शिविर में कैडेट्स ने भाग लेकर सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया
- 15 से 24 अगस्त, 2025 तक विंग के कुल 43 कैडेट्स ने Eternal University, बड़ू साहिब में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-2025) में सहभागिता की। इस शिविर में नियमित परेड, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार संचालन की मूल जानकारी एवं सामूहिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं ।
- 5 से 14 अक्तूबर, 2025 तक कैडेट कैप्टन अनुपमा भारद्वाज, लांस कॉर्पोरल पायल ठाकुर, कैडेट शिवानी, कैडेट नैना देवी, कैडेट भुवनेश्वरी एवं कैडेट मोनिका ने किन्नौर में आयोजित कप्पा शिविर में भाग लिया। इस शिविर में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया गया ।
- 27 अक्तूबर से 1 नवम्बर, 2025 तक आयोजित सेना संबद्धता शिविर में कैडेट्स ने भाग लेकर वास्तविक सैन्य जीवनशैली, अनुशासन और प्रशिक्षण पद्धति का अनुभव प्राप्त किया ।
- अंडर ऑफिसर अंकिता ने यूनिट को गौरवान्वित किया, जब उनका चयन गणतन्त्र दिवस शिविर (आरडीसी-2026) हेतु किया गया। उन्होंने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में गर्वपूर्वक मार्च करते हुए यूनिट का प्रतिनिधित्व किया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की तीन इकाइयाँ संचालित हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में इन इकाइयों में कुल 300 स्वयंसेवक पंजीकृत हैं। ये सभी इकाइयाँ तीन समर्पित कार्यक्रम अधिकारियों— डॉ० ओ० पी० ठाकुर, डॉ० दीपाली अशोक एवं डॉ० अनुज कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर रही हैं।

## वर्ष 2025 में NSS इकाइयों द्वारा संपादित गतिविधियाँ

- 11 जुलाई, 2025 से 15 जुलाई, 2025 तक सिराज त्रासदी से प्रभावित परिवारों की सहायता हेतु निधि-संग्रह अभियान संचालित किया गया। स्वयंसेवक एकजुट होकर राहत कोष के लिए धन एकत्रित करने में सक्रिय रहे। 14 जुलाई, 2025 को स्वयंसेवकों द्वारा सिराज क्षेत्र में एक सर्वेक्षण किया गया जिसके माध्यम से प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं का आकलन किया गया।
- 16 जुलाई, 2025 को सर्वेक्षण के आधार पर प्रभावित समुदाय को आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया गया, जिससे समय पर सहायता सुनिश्चित की जा सके।
- 12 अगस्त, 2025 को विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करने के उद्देश्य से "पुस्तकालय दिवस" मनाया गया।
- 14 अगस्त, 2025 को 'देशभक्ति और राष्ट्रीय जागरूकता' विषय पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
- 22 अगस्त, 2025 को दुदर गाँव में 'पर्यावरण संरक्षण एवं हरित पहल' विषय के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाते हुए पौधरोपण किया।
- 23 अगस्त, 2025 में "स्वास्थ्य सहयोग एवं जीवन रक्षक सेवा" विषय के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- 25 अगस्त, 2025 से 5 सितम्बर, 2025 तक मिशन आत्मनिर्भर अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने पुस्तक-संग्रह अभियान चलाया तथा एकत्रित पुस्तकों को आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को वितरित किया गया।
- 29 अगस्त, 2025 को स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा 'नशा-विरोधी जागरूकता दिवस' मनाया गया, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों पर विशेष चर्चा की गई।
- 30 अगस्त, 2025 को 'युवा संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता' विषय के अंतर्गत नशे की लत के हानिकारक प्रभावों के प्रति जनसाधारण को जागरूक करने हेतु नशा-विरोधी रैली का आयोजन किया गया।
- 9 सितम्बर, 2025 को शिक्षक दिवस विद्यार्थियों के जीवन-निर्माण में शिक्षकों के महत्त्व को रेखांकित करने हेतु शिक्षक दिवस मनाया गया।
- करियर परामर्श सत्र एन.एस.एस. इकाई-3 द्वारा 10 सितम्बर एवं 18 सितम्बर 2025 को आयोजित किए गए। इन सत्रों में छात्रों को करियर एवं भविष्य की राहों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।
- 19 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग विषय पर आयोजित नुक्कड़-नाटक में भाग लिया। यह प्रतियोगिता जिला मण्डी के पुलिस विभाग द्वारा आयोजित की गई थी।
- 20 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई की, कचरा एकत्रित किया तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य "स्वच्छ परिसर, स्वस्थ परिसर" की भावना को सशक्त बनाना था।
- 24 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना का 56वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर N.S.S. के उद्देश्यों, सिद्धांतों और समाज सेवा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।
- 26 सितम्बर, 2025 को "विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम" आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के प्रति युवाओं में जोश, नई सोच और समर्पण की भावना उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी

के महत्व से अवगत कराया गया। इसी दिन स्वयंसेवियो ने महाविद्यालय परिसर में "स्वच्छ भारत और सार्वजनिक स्वच्छता" थीम के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्वच्छता के नियमों तथा सामुदायिक सहभागिता पर प्रकाश डाला ।

- सितम्बर माह के दौरान N.S.S. इकाइयों ने पंचवक्त्र मंदिर और भ्यूली मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से कचरा हटाया और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया ।
- 27 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने MY Bharat Portal के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न युवा अवसरों, कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा पोर्टल के उपयोग की व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया ।
- 27 सितम्बर, 2025 को पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक हैंडीक्राफ्ट मिशन गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया तथा स्वदेशी उत्पादों के महत्व को समझा ।
- 30 सितम्बर, 2025 को स्वयंसेवकों को पर्यावरणीय समस्याओं और कचरा प्रबन्धन की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के लिए एक गार्बेज डंपिंग साइट का दौरा करवाया गया। इस अवसर पर उन्हें कचरा पृथक्करण, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) और स्वच्छता प्रबन्धन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई ।
- 2 अक्तूबर, 2025 को गांधी जयंती के अवसर पर तीनों NSS इकाइयों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर शांति, सादगी, स्वच्छता और सत्य के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया गया ।
- 3 अक्तूबर, 2025 को "मेंटल वेलनेस और इमोशनल बैलेंस" विषय पर एक स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को तनाव प्रबन्धन की तकनीकों, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई ।
- 16 अक्तूबर, 2025 को मतदाता अधिकारों और लोकतांत्रिक भागीदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए Systematic Voters' Education and Electoral Participation (SVEEP) के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को मतदान के महत्व और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया ।
- 31 अक्तूबर, 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और समरसता की भावना को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया गया तथा एकता की शपथ दिलाई गई ।
- 10 नवम्बर-13 नवम्बर, 2025 तक Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development द्वारा 2025 तक नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवा स्वयंसेवकों में नेतृत्व कौशल का विकास करना तथा उनमें निर्णय-क्षमता, टीम-समन्वय और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था ।
- 13 नवम्बर एवं 14 नवम्बर, 2025 को आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी की और खेल भावना, अनुशासन तथा शारीरिक दक्षता का परिचय दिया ।
- 22 दिसम्बर से 29 दिसम्बर, 2025 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़ोग तथा भरौंण पंचायत क्षेत्र में सामुदायिक सेवा कार्य किए और ग्राम विकास गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया ।
- 1 जनवरी से 7 जनवरी, 2026 तक स्वयंसेवकों ने हिमाचल प्रदेश पुलिस, मण्डी जिला के साथ मिलकर यातायात प्रबन्धन में सहयोग किया। "सड़क सुरक्षा और नागरिक अनुशासन" विषय के अंतर्गत वाहनों एवं पैदल यात्रियों के सुचारु और सुरक्षित आवागमन में सहायता प्रदान की गई ।
- जून 2025 - जनवरी, 2026, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से "मिशन हरित जन्म" पहल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई। स्वयंसेवक विशाल, अभिषेक, लक्की चौहान, सचिन राणा, यामिनी तथा वंशिका ने वर्ष 2025 में रक्तदान कर समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी समर्पण भावना का परिचय दिया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की प्रमुख उपलब्धियाँ

- राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राज्य, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। ये उपलब्धियाँ उनके नेतृत्व, रचनात्मकता, सामाजिक चेतना और समर्पण को दर्शाती हैं ।
- 9 से 12 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित "विकसित भारत युवा नेता संवाद" कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने भाग लिया और राष्ट्रीय स्तर पर विचार साझा किए ।
- राष्ट्रीय एकता शिविर एवं युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम: कुमारी वंशिका ने हिसार, हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने असम में आयोजित "अष्टलक्ष्मी दर्शन युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम" में भी सहभागिता की। कुमारी तनीषा एवं श्री अभिषेक राजा ने गोधरा विश्वविद्यालय, गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया ।
- 30 दिसम्बर, 2025 को श्री लक्की चौहान ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश में आयोजित राज्य स्तरीय "विकसित भारत युवा नेता संवाद" प्रतियोगिता में "सतत एवं हरित विकसित भारत" विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
- 6 नवम्बर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में आयोजित राज्य स्तरीय पूर्व-गणतन्त्र दिवस शिविर में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की ।
- राष्ट्रीय युवा परियोजना द्वारा हरियाणा में आयोजित "वैश्विक युवा महोत्सव-2025" में कुल 17 स्वयंसेवकों ने भाग लिया तथा नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश पुलिस, मण्डी तथा सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी द्वारा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग विषय पर आयोजित जिला स्तरीय लघु नाटिका प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

## रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई की गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ

रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई, डॉ० बंदना चौहान (रेंजर लीडर) तथा डॉ० शिवेंद्र संगर (रोवर लीडर) के मार्गदर्शन में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। सत्र के दौरान इकाई ने सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों के संवर्धन हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन एवं सहभागिता की।

## प्रमुख गतिविधियाँ

- 22 सितम्बर, 2025 को रोवर्स एवं रेंजर्स ने श्री गोबिंद सिंह जी गुरुद्वारा में सेवा कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं की सहायता, स्वच्छता व्यवस्था तथा सामुदायिक सेवा में योगदान दिया ।
- 16 अक्तूबर, 2025 को तल्हयाड़, जिला मण्डी स्थित एक अनाथालय का दौरा किया गया। रोवर्स एवं रेंजर्स ने बच्चों के साथ संवाद स्थापित किया तथा उनके लिए विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया ।
- 21 फरवरी, 2026 को इकाई के सदस्यों ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध आयोजित एक जागरूकता रैली में सहभागिता कर समाज में स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली का संदेश दिया ।
- 23 नवम्बर से 29 नवम्बर, 2025 तक लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती जम्बूरी हेतु सेवा दल के रूप में चयनित किया गया ।
- 9 अक्तूबर से 13 अक्तूबर, 2025 तक रिवालसर स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र (एस.टी.सी.) में रोवर्स के लिए आयोजित राज्य स्तरीय निपुण परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया गया ।
- रेंजर्स दिव्या शर्मा, पल्लवी, विदुषी एवं भानुप्रिया ने 10 दिसम्बर से 14 दिसम्बर, 2025 तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, रिवालसर में आयोजित रेंजर्स के राज्य स्तरीय निपुण परीक्षण को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया ।
- कुल छह रोवर्स—साहिल, गुलशन, नमन, अंकुश, मंदीप एवं रजनीश—तथा तीन रेंजर्स—विदुषी, पल्लवी एवं भानु प्रिया ने 9 जनवरी से 13 जनवरी, 2026 तक छत्तीसगढ़ में आयोजित रोवर्स एवं रेंजर्स की प्रथम राष्ट्रीय जम्बूरी में सहभागिता की ।
- 20 जनवरी से 26 जनवरी, 2026 तक राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय गणतन्त्र दिवस परेड शिविर हेतु चयनित किया गया ।

**Gender Sensitization Cell (लिंग संवेदनशीलता प्रकोष्ठ)**

संयोजक प्रो० आशा ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में राजकीय महाविद्यालय मण्डी के Gender Sensitization cell ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं।

- महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता तथा सेनेटरी नैपकिन वितरण मशीन के उपयोग के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए ।
- 22 सितम्बर, 2025 को किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 8 अक्तूबर, 2025 को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ तथा रचनात्मक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं ।
- विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण और गणित (एस.टी.ई.एम) शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से 12 अक्तूबर, 2025 को एक आकाश-दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- 15 अक्तूबर, 2025 को "कानून के क्षेत्र में महिलाओं का सशक्तिकरण" विषय पर एक प्रेरणात्मक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में छात्राओं को न्यायपालिका में उपलब्ध विभिन्न करियर संभावनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई।

**Career counselling and placement cell**

पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान Career counselling and placement cell ने डॉ० मोनिका पंचानी के कुशल मार्गदर्शन में सात करियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार अवसरों के सम्बन्ध में विशेषज्ञ वक्ताओं के साथ विचार-विमर्श भी शामिल रहा। नवम्बर, 2025 में महाविद्यालय परिसर में एक वैश्विक करियर सप्ताह का आयोजन किया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण संगोष्ठियाँ तथा करियर मार्गदर्शन सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम रहे।

Nimbus Academy के सहयोग से विद्यार्थियों के हित में प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रभावी रूप से सामना करने की रणनीतियों पर चर्चा हेतु एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के सहायक शाखा प्रबंधक ने एक सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को बीमा क्षेत्र में प्रवेश के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त, JOKTA Academy के साथ साझेदारी में महाविद्यालय में सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए एक दिवसीय करियर परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई।

राजकीय महाविद्यालय मण्डी से स्नातक तथा स्नातकोत्तर उपाधि पूर्ण करने के पश्चात 200 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातकोत्तर एवं अन्य उच्च शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया। प्रकोष्ठ ने महाविद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कंपनियों में नियुक्ति सुनिश्चित करने में भी सहयोग प्रदान किया।

B.VOC. (रिटेल प्रबन्धन) विभाग के कुल छह विद्यार्थियों का चयन Reliance Brands Limited (Super dry, GAS,And LA Martina) में वार्षिक ₹4,05,000 के वेतन पैकेज पर हुआ। B.B.A. विभाग के तीन विद्यार्थियों का चयन वार्षिक ₹4,20,000 के वेतन पैकेज पर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ।

## रेड रिबन क्लब (RRC)

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ० राधिका जमवाल के सक्षम निर्देशन में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए:-

- जुलाई 2025 में एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। उसी दिन क्षेत्रीय अस्पताल, मण्डी स्थित ब्लड बैंक/ICTC/ART सेंटर का एक एक्सपोज़र विज़िट भी कराया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अरिंदम रॉय ने की ।
- क्लब के सदस्यों ने 12 अगस्त, 2025 को HIV/AIDS के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम करने तथा इसे समाप्त करने हेतु सक्रिय रूप से कार्य करने की शपथ ली ।
- 23 सितम्बर, 2025 को एक Hb-टेस्ट तथा हेल्थ अवेयरनेस कैंप आयोजित किया गया। इस शैक्षिक अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को एनीमिया तथा पोषण सम्बन्धी कमियों के विषय में परामर्श प्रदान किया गया ।
- 14 अक्तूबर, 2025 को क्लब के 140 सदस्यों ने क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन की शपथ ली। सदस्यों ने समाज में क्षय रोग के प्रति जागरूकता फैलाने तथा इसे समाप्त करने हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया ।

- 17 अक्तूबर, 2025 को HIV एवं AIDS के प्रति जागरूकता के लिए एक पीयर-लेड आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किया गया। Zonal Hospital Mandi की डॉ० कृतिका गुप्ता ने सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित किया ।
- 7 नवम्बर, 2025 को HIV/AIDS के सम्बन्ध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर फ्लैश मॉब और स्ट्रीट प्ले प्रस्तुत किए गए। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से इस बीमारी की रोकथाम, HIV/AIDS से संक्रमित व्यक्तियों को समाज में स्वीकार करने तथा World Health Organization के 95-95-95 लक्ष्यों को प्रदर्शित किया ।
- नवम्बर, 2025 में Drug abuse तथा मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। Zonal Hospital Mandi की डॉ० वैशाली ने विद्यार्थियों को नशे की लत के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन और मानसिक बीमारियों के मध्य सम्बन्ध, तथा उनके बचाव और उपचार के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की ।

**भास्कराचार्य गणित क्लब:** 7 नवम्बर, 2025 को प्रो0 अंजू शर्मा के नेतृत्व तथा सह-प्राध्यापक के मार्गदर्शन में भास्कराचार्य गणित क्लब ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक एवं शैक्षणिक क्षमताओं के विकास हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में गणित के महत्व को रेखांकित किया गया, जो हमारे दैनिक जीवन को संचालित करने वाला एक मूलभूत साधन है। एक दिवसीय इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली निर्माण, सुडोकू तथा रूबिक क्यूब प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

**योग एवं ध्यान क्लब:** योग एवं ध्यान क्लब की संयोजिका डॉ० दीपाली अशोक के मार्गदर्शन में संस्थान ने विद्यार्थियों के मध्य समग्र स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित किया। क्लब द्वारा सात दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे संस्थान के 171 विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में तनाव प्रबन्धन, पारस्परिक समन्वय, नशामुक्ति, सद्आदतों का विकास, राजयोग ध्यान तथा शारीरिक शिथिलीकरण तकनीकों पर सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त एक विशेष श्वास-प्रश्वास अभ्यास सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को व्यापक सराहना प्राप्त हुई तथा इससे विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

**इको क्लब:** डॉ० नीतू पठानिया के नेतृत्व में इको क्लब ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय (मण्डी) के वनस्पति विज्ञान क्लब के साथ मिलकर महाविद्यालय समुदाय में पर्यावरणीय सततता एवं जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु अनेक गतिविधियाँ आयोजित कीं। पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 22 अगस्त, 2025 को शिव-धाम, मण्डी में एक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। प्राकृतिक जीवनशैली तथा पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों के प्रचार-प्रसार के लिए 23 सितम्बर, 2025 को आयुर्वेद दिवस मनाया गया। 17 नवम्बर, 2025 को "इको-पॉट्स: अपशिष्ट से हरित स्थल निर्माण" विषय पर एक गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें अपशिष्ट के पुनः उपयोग तथा पर्यावरण-अनुकूल उपायों पर विशेष बल दिया गया। क्लबों ने संयुक्त रूप से 18 नवम्बर, 2025 को खाद्य दिवस भी मनाया, जिसमें सतत एवं स्वास्थ्यवर्धक आहार सम्बन्धी आदतों को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

**अंग्रेज़ी साहित्यिक क्लब:** 1 अक्तूबर, 2025 को अंग्रेज़ी साहित्यिक क्लब ने प्रो० अर्चना शर्मा के मार्गदर्शन में एक कहानी-वाचन प्रतियोगिता आयोजित की। 11 नवम्बर, 2025 को बी.ए. तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए अंग्रेज़ी विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा/राज्य पात्रता परीक्षा (NET/SET) की तैयारी हेतु एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों की लेखन क्षमता का विकास करना तथा उन्हें उनके भावी कैरियर के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करना था।

**हिन्दी साहित्य समिति:** 6 मई, 2025 को डॉ0 राजकुमार जमवाल के मार्गदर्शन और हिन्दी विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक के सहयोग से 'हिन्दी साहित्य समिति' के तत्वाधान में "हिन्दी साहित्य के प्रयोगवादी कवियों की जीवन दृष्टि" पर एक शैक्षिणक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में हिन्दी स्नातकोत्तर के लगभग 75 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की । कार्यक्रम के दौरान चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों ने हिन्दी के प्रसिद्ध प्रयोगवादी कवियों के काव्य में जीवन दृष्टि,कल्पना शक्ति, रूढ़ियों के प्रति विद्रोह,भाषा शैली की विशेषताओं,और नए-नए प्रतीकों एवं उपमानों के प्रयोग पर आधारित सूक्ष्म शोध पत्र प्रस्तुत किए । इस समिति के माध्यम से विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और अकादमिक शोध चेतना को प्रदर्शित करना तथा विद्यार्थियों एवं पाठकों में प्रयोगवादी काव्य और उनकी जीवन दृष्टि के प्रति गहरी समझ और रुचि को विकसित करना था।

**Yuva Tourism Club (YTC):** डॉ० अरविन्द कुमार के मार्गदर्शन में राजकीय महाविद्यालय (मण्डी) के युवा पर्यटन क्लब ने पर्यटन एवं यात्रा विभाग के सहयोग से सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न कीं।

- 6 फरवरी, 2025 को पर्यटन एवं यात्रा विभाग ने भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की युवा पर्यटन क्लब पहल के अंतर्गत वल्लभ राजकीय महाविद्यालय (मण्डी) के युवा पर्यटन क्लब का पंजीकरण किया, जो विभाग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही ।
- 23 सितम्बर, 2025 को "Le Excursion de Bir Billing" के अंतर्गत एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया।
- 27 सितम्बर, 2025 को विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित किया गया। सितम्बर 2025 में क्लब एवं विभाग द्वारा सर की धार (नैना देवी पहाड़ियाँ, रिवालसर) में एक बाह्य पाक-कला परियोजना का भी आयोजन किया गया ।

**Mendeleeve Chemistry club:** डॉ० संजय कुमार के मार्गदर्शन में Mendeleev chemistry club ने शैक्षणिक वर्ष के दौरान अनेक रोचक कार्यक्रम आयोजित किए। क्लब द्वारा 17 सितम्बर, 2025 को विश्व "Ozone Day" मनाया गया। इसके अतिरिक्त, 23 अक्तूबर, 2025 को "Mole Day" भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इन महत्वपूर्ण अवसरों पर विभिन्न खेलों एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से रसायन विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्लब ने पूरे वर्ष विशेषज्ञों के साथ अनेक संवादात्मक सत्रों का भी आयोजन किया।

**Data Dreamers computer club:** सहायक प्राध्यापक लतेश्वरी के मार्गदर्शन में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के Data Dreamers computer club ने 24 सितम्बर, 2025 को एक मानसिक कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में लकड़ी की पहेलियाँ सुलझाईं तथा शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया। 29 अक्तूबर, 2025 को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। B.C.A., P.G.D.C.A. तथा B.Sc. (Computer Science) विभाग के विद्यार्थियों ने क्लब की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की।

**Life Sciences club:** सहायक प्राध्यापक ज्योति ठाकुर के समन्वयन में संचालित जीवन विज्ञान क्लब के लिए यह वर्ष विविध कार्यक्रमों से परिपूर्ण एवं सफल रहा। 24 सितम्बर, 2025 को चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से छात्राओं के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैव विविधता संरक्षण पर केंद्रित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से क्लब ने 6 से 8 अक्तूबर, 2025 तक वन्यजीव सप्ताह मनाया। इसके अतिरिक्त 24 से 26 दिसम्बर, 2025 तक प्राणी विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं सौंदर्यबोध को विकसित करने के उद्देश्य से भित्ति चित्रण गतिविधि आयोजित की गई। क्लब द्वारा 20 दिसम्बर, 2025 को सोलंग घाटी में एक शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को पारिस्थितिकीय एवं सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

**खेलकूद गतिविधियां एवं उपलब्धियां:** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के विद्यार्थियों ने अंतर-महाविद्यालय, अंतर-विश्वविद्यालय, उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय तथा अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। महाविद्यालय ने टीम एवं व्यक्तिगत दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक चैंपियनशिप, उपविजेता स्थान, पदक तथा उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल विधाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित है :

**एथलेटिक्स:** महाविद्यालय के एथलीटों ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी में आयोजित अंतर-महाविद्यालय वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता-2025 में भाग लेकर समग्र उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त की। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के एथलीट प्रथम को इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने राजीव गांधी स्वस्थ्य विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय एथलेटिक चैंपियनशिप-2026 में भी सहभागिता की। महाविद्यालय के अनेक एथलीटों ने अंतर-महाविद्यालय वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं - जिनमें Relays, दौड़, थ्रो, जंप तथा लंबी दूरी की दौड़ सम्मिलित हैं इसमें इन्होंने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किया ।

**बैडमिंटन:** परीक्षा, रीना कुमारी तथा वृतिका ने सी.टी. विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में सहभागिता दर्ज की। महाविद्यालय की महिला बैडमिंटन टीम ने राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू द्वारा आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय,अंतर-महाविद्यालय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में तुषार सेन, युगल राठौर, ओमचंद, दुपेन्द्र कुमार तथा पार्थ शर्मा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**बास्केटबॉल:** महाविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम में प्रेरणा, सेजल ठाकुर, रजनी, स्नेहा, मीनाक्षी ठाकुर, आंचल, नम्रता कुमारी, अंजलि कुमारी, दीक्षा कुमारी, भूमिका तथा शिवानी कुमारी सम्मिलित थीं। इस टीम ने राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट द्वारा आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2025 में विजेता का खिताब प्राप्त किया। इसी टीम की खिलाड़ी प्रेरणा, सेजल ठाकुर, दीक्षा कुमारी, भूमिका तथा शिवानी कुमारी ने महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब खेल विश्वविद्यालय, पटियाला में आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2025 में सहभागिता की। शुभम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लिया।

**मुक्केबाज़ी:** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी की पुरुष मुक्केबाज़ी टीम ने राजकीय महाविद्यालय, जोगिंदरनगर में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप-2025 में समग्र विजेता बनकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थियों ने स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक अर्जित किए। कई विद्यार्थियों का चयन अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप-2026 के लिए भी हुआ। चेतन चौधरी ने 9वीं Elite राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप-2026 में कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला मुक्केबाज़ी टीम ने भी इसी प्रतियोगिता में समग्र उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**शतरंज:** महाविद्यालय की महिला शतरंज टीम ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, सुन्दरनगर में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय शतरंज चैंपियनशिप-2025 में विजय प्राप्त की। विजेता टीम में हिमाक्षी, ममता ठाकुर, अनीता कुमारी, मनिका शर्मा, सुधा चौधरी तथा भूमिका सम्मिलित थीं। पुरुष वर्ग में महाविद्यालय के शतरंज खिलाड़ियों – ऋतिक, क्षितिज, आदित्य शर्मा, कनिष्क शर्मा, शुभम गुलेरिया, तथा सक्षम ने शतरंज प्रतियोगिता में उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**क्रॉस कंट्री:** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी की पुरुष क्रॉस कंट्री टीम ने राजकीय महाविद्यालय, हरिपुर (मनाली) में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी अंतर-महाविद्यालय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप-2025 में समग्र विजेता का स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के कई एथली टों का चयन अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप-2026 के लिए भी हुआ। महिला क्रॉस कंट्री टीम ने भी इसी प्रतियोगिता में उपविजेता स्थान अर्जित किया।

**फुटबॉल:** महाविद्यालय की महिला फुटबॉल टीम ने एम. एल. एस. एम. महाविद्यालय, सुन्दरनगर में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप-2025 में द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**हैंडबॉल:** महाविद्यालय की महिला हैंडबॉल टीम ने राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू द्वारा आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय हैंडबॉल चैंपियनशिप-2025 में द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**हॉकी:** महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष दोनों हॉकी टीमों के अनेक खिलाड़ियों ने पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला तथा गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय हॉकी चैंपियनशिप-2025 में सहभागिता की। महाविद्यालय की हॉकी टीमों ने राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय हॉकी चैंपियनशिप-2025 में विजेता का खिताब प्राप्त किया।

**जूडो:** महाविद्यालय की पुरुष जूडो टीम ने एम.एल.एस.एम. महाविद्यालय, सुन्दरनगर द्वारा आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय जूडो चैंपियनशिप-2025 में विजय प्राप्त की। महिला जूडो टीम ने भी इस प्रतियोगिता में समग्र उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**कबड्डी:** महाविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय कबड्डी चैंपियनशिप-2025 में विजेता का स्थान प्राप्त किया। महिला कबड्डी टीम ने भी इसी प्रतियोगिता में उपविजेता स्थान अर्जित किया।

**निशानेबाज़ी:** महाविद्यालय की महिला निशानेबाज़ी टीम में कशिश शर्मा, प्रभजोत कौर बेदी, कविता ठाकुर, आकांक्षा ठाकुर तथा दीपिका ठाकुर सम्मिलित थीं। पुरुष टीम में सार्थक लखनपाल, आदित्य सिंह राणा, अरमान वर्मा, शिवम ठाकुर, मोनू तथा अर्पित सिंह शामिल थे। दोनों टीमों ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय निशानेबाज़ी चैंपियनशिप-2025 में समग्र विजेता का स्थान प्राप्त किया।

**वॉलीबॉल:** महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष दोनों वॉलीबॉल टीमों ने राजकीय महाविद्यालय, हरिपुर (मनाली) में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2025 में उपविजेता स्थान प्राप्त किया। इंटेग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा में आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2025 में सहभागिता के लिए महाविद्यालय के अनेक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया।

**भारोत्तोलन:** महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष भारोत्तोलन टीमों ने राजकीय महाविद्यालय, बलद्वाड़ा में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय भारोत्तोलन चैंपियनशिप-2025 में समग्र द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

**कुश्ती:** महाविद्यालय की महिला एवं पुरुष कुश्ती टीमों ने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, सुन्दरनगर में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप-2025 में समग्र विजेता का स्थान प्राप्त किया। टीम के कई खिलाड़ियों ने तत्पश्चात अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप-2026 में सहभागिता की।

**महाविद्यालय – प्रतियोगिताएँ:** शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग ने शैक्षणिक सत्र के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया, ताकि विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके तथा महाविद्यालय के अंतर्निहित खेल एवं एथलेटिक प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं मंच प्रदान किया जा सके।

**अंतर-महाविद्यालयीय क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप-2025:**
यह प्रतियोगिता 15 अक्तूबर, 2025 को आयोजित की गई। लगभग 200 विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ इसमें भाग लिया। इस आयोजन ने प्रतिभागियों में सहनशक्ति, दृढ़ता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया।

**अंतर-महाविद्यालयीय प्रतियोगिताएँ (18 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2025)**
18 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2025 तक पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए निम्नलिखित अंतर-महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया—

- अंतर-महाविद्यालयीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय कबड्डी चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय शतरंज चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय निशानेबाज़ी चैंपियनशिप-2025 (10 मीटर एयर राइफल एवं एयर पिस्टल)
- अंतर-महाविद्यालयीय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय वुशु चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय कुश्ती चैंपियनशिप-2025
- अंतर-महाविद्यालयीय जूडो चैंपियनशिप-2025

**महाविद्यालय वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता-2025:**
महाविद्यालय की वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन 13 नवम्बर एवं 14 नवम्बर, 2025 को किया गया। इस प्रतियोगिता में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सफलतापूर्वक किया गया।

**अंतर-विश्वविद्यालयीय टीमों हेतु प्रशिक्षण शिविर 2025-26:**
महाविद्यालय ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी की अंतर-विश्वविद्यालयीय टीमों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए सुदृढ़ रूप से तैयार करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया। इन प्रशिक्षण शिविरों का विवरण निम्नलिखित है—

- 30 सितम्बर से 5 अक्तूबर, 2025 तक एस.पी.यू. कबड्डी (पुरुष) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- 15 अक्तूबर से 21 अक्तूबर, 2025 तक एस.पी.यू. कबड्डी (महिला) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- 2 दिसम्बर से 7 दिसम्बर, 2025 तक ही एस.पी.यू. वॉलीबॉल (महिला एवं पुरुष) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया
- 20 दिसम्बर से 28 दिसम्बर, 2025 तक एस.पी.यू. बैडमिंटन (पुरुष) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- 6 से 10 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. हॉकी (पुरुष) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- 6 से 10 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. हॉकी (महिला) टीम ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया ।
- 30 दिसम्बर, 2025 से 3 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. फुटबॉल (पुरुष) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ।
- 19 से 25 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. शूटिंग (पुरुष) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ।
- 23 से 29 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. शूटिंग (महिला) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ।
- 10 से 14 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. जूडो (महिला) टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ।
- 10 से 14 जनवरी, 2026 तक एस.पी.यू. जूडो (पुरुष) टीम के लिए भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया ।

इन प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता, सामूहिक समन्वय तथा प्रतियोगी भावना को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया गया।

**सत्र 2025-26 में अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीय / उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं हेतु चयनित खिलाड़ियों की संख्या :**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान संस्थान ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीय तथा उत्तर क्षेत्रीय अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित कर खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स में अंतर-विश्वविद्यालयीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए पुरुष वर्ग से एक खिलाड़ी का चयन किया गया। बैडमिंटन में महिला एवं पुरुष वर्ग से एक-एक खिलाड़ी का चयन हुआ। बास्केटबॉल में महाविद्यालय की पाँच महिला खिलाड़ियों तथा एक पुरुष खिलाड़ी का चयन संबंधित टीमों में हुआ, जिन्होंने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी का प्रतिनिधित्व किया।

मुक्केबाज़ी (बॉक्सिंग) में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने हेतु दो महिला एवं सात पुरुष मुक्केबाज़ों का चयन किया गया। क्रॉस-कंट्री में दो महिला तथा चार पुरुष धावकों का चयन हुआ। फुटबॉल में तीन पुरुष खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए स्थान प्राप्त किया।

हॉकी में संस्थान को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई, जब सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी का प्रतिनिधित्व करने हेतु सात महिला एवं नौ पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया। जूडो में एक महिला तथा चार पुरुष खिलाड़ियों ने अंतर-विश्वविद्यालयीय स्तर पर भाग लिया। कबड्डी में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के चार महिला एवं सात पुरुष खिलाड़ियों ने उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी का प्रतिनिधित्व किया।

शूटिंग में महिला एवं पुरुष वर्ग से पाँच-पाँच खिलाड़ियों का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतियोगिताओं में महिला एवं पुरुष वर्ग से तीन-तीन खिलाड़ियों ने अंतर-विश्वविद्यालयीय स्तर पर सहभागिता सुनिश्चित की। वेटलिफ्टिंग में एक महिला तथा दो पुरुष खिलाड़ियों का चयन हुआ। कुश्ती में एक महिला तथा नौ पुरुष पहलवानों का चयन किया गया।

सत्र 2025-26 के दौरान अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालयीय तथा उत्तर क्षेत्रीय अंतर-विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के लिए संस्थान के कुल 86 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त अनेक अन्य विद्यार्थियों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भी किया गया।

यह उपलब्धि संस्थान की सुदृढ़ खेल संस्कृति, प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था, उत्कृष्ट आधारभूत संरचना तथा शिक्षा के साथ-साथ खेलों को प्रोत्साहित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों में उपलब्धियाँ (Achievements in extracurricular activities)**
विद्यार्थी सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों से प्रेरणा प्राप्त करते हैं, जो उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस शैक्षणिक सत्र के दौरान वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इन गतिविधियों में रंगोली, पोस्टर निर्माण, भाषण, प्रश्नोत्तरी, नारा-लेखन, कोलाज निर्माण एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ आदि शामिल थीं। संबंधित क्षेत्रों के अनेक विशेषज्ञों ने उन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया, जो अपनी प्रस्तुति-कौशल एवं कलात्मक क्षमताओं का विकास करना चाहते थे।
सरदार पटेल विश्वविद्यालय युवा उत्सव (2025-26) के समूह I, II, III एवं IV की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी सृजनात्मकता एवं प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महाविद्यालय के विद्यार्थियों को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुएः-

**समूह I:** बी.ए. तृतीय वर्ष की प्रोमिला एवं हर्षित ने 'ऑन द स्पॉट पेंटिंग' तथा 'कार्टून निर्माण' प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.एस सी. द्वितीय वर्ष की उर्मिता ठाकुर ने 'हिन्दी भाषण' प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बी.ए. द्वितीय वर्ष की ओजस्वी ने अंग्रेज़ी भाषण' प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान अर्जित किया। बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की बनिता चौधरी ने 13 नवम्बर से 15 नवम्बर, 2025 तक राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में आयोजित 'रंगोली निर्माण' प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों ने महाविद्यालय की सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक उत्कृष्टता को सुदृढ़ रूप से स्थापित किया है।

**समूह II:** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के विद्यार्थियों ने समूह-II युवा उत्सव की आठ में से सात प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। सक्षम कौशिक, एकता एवं मुकेश ने क्रमशः शास्त्रीय गायन, ग़ज़ल तथा पाश्चात्य वाद्य (एकल) प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। पीयूष ने सितार (एकल) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बनिता ठाकुर ने लोकगीत (एकल) तथा आदित्य ने पाश्चात्य गीत (एकल) प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अर्जित किया। महाविद्यालय के नौ विद्यार्थियों की टीम ने 'लोक वाद्यवृंद (folk orchestra)' प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह-II युवा उत्सव का आयोजन 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक राजकीय महाविद्यालय, करसोग में किया गया।

**समूह III:** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी की छात्रा ईशा कुमारी ने 13 नवम्बर से 15 नवम्बर, 2025 तक राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में आयोजित शास्त्रीय नृत्य (कथक) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय तथा सृजनात्मक कोरियोग्राफी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अर्जित किया।

**समूह IV:** बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र लक्की ठाकुर ने 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, 2025 तक राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय समूह-IV Mimicry (अनुकरण प्रतियोगिता) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने मूकाभिनय (Mime) प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अर्जित किया। इन उपलब्धियों ने महाविद्यालय की सांस्कृतिक प्रतिभा एवं उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ किया है।

**महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित समारोह एवं गतिविधियाँ (शैक्षणिक सत्र 2025-26):** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए संकाय सदस्यों द्वारा अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

**वाणिज्य विभाग:** वाणिज्य विभाग ने विद्यार्थियों के लिए एक परिचयात्मक (इंडक्शन) कार्यक्रम आयोजित किया। बी.कॉम. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु 25 जुलाई, 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा (मण्डी शाखा) के सहयोग से 'बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग उद्योग में रोजगार के अवसरों के प्रति प्रेरित करना था। सत्र में आई.बी.पी.एस. पी.ओ. परीक्षा से संबंधित पात्रता मानदंड, परीक्षा प्रारूप, पाठ्यक्रम तथा अध्ययन सम्बन्धी मार्गदर्शन की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, साक्षात्कार कौशल पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा के एक संसाधन व्यक्ति द्वारा उपयोगी परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।
इसके साथ ही, वाणिज्य विभाग के संकाय सदस्यों ने 12 दिसम्बर, 2025 को कक्ष संख्या 208 में राजकीय कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सांक्वेलिम (गोवा) के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ एक व्यावहारिक ऑनलाइन सत्र

आयोजित किया। इस संवाद का उद्देश्य व्यावसायिक ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करना था। इस अवसर पर यह भी विचार-विमर्श किया गया कि संस्कृति व्यापार क्षेत्र को किस प्रकार प्रभावित करती है।

**कला एवं मानविकी संकाय**

- **नृत्य विभाग** ने अक्तूबर, 2025 में 21 दिवसीय मंडयाली लोकनृत्य कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों ने लुड्डी लोकनृत्य के मूल चरण, मुद्राएँ, ताल तथा उसकी सूक्ष्मताओं का अभ्यास किया। संपूर्ण सत्र के दौरान विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न लोकनृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। विभाग के विद्यार्थियों ने जहाँ भी प्रस्तुति दी, उन्हें व्यापक सराहना प्राप्त हुई ।
- **अंग्रेज़ी विभाग** ने 12 नवम्बर, 2025 को डॉ० आई. डी. शर्मा (पूर्व प्राचार्य, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी) द्वारा साहित्यिक आलोचना और सिद्धांत पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। कुल 125 विद्यार्थियों ने, जिनमें एम.ए. अंग्रेज़ी तथा अंग्रेज़ी विभाग के स्नातक विद्यार्थी शामिल थे, इस व्याख्यान में भाग लिया ।
- **शिक्षा विभाग** ने 11 नवम्बर, 2025 को जिला मण्डी के नागचला स्थित बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के एक आवासीय विद्यालय 'सहयोग' में बी.ए. तृतीय वर्ष के ग्यारह विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करना था। इसमें शिक्षार्थियों की विविधता, विशेष शिक्षा की विधियाँ तथा दिव्यांग बच्चों की विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अपनाई जाने वाली संस्थागत रणनीतियों का अवलोकन सम्मिलित था ।
- **हिन्दी विभाग** के तत्वावधान में 18 सितम्बर, 2025 को हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, दोहा उच्चारण तथा निबंध लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लगभग 96 प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा लगभग 480 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि कार्यकारी प्राचार्य डॉ० रविन्द्र कुमार एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष द्वारा स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिन्दी विभाग के समस्त प्राध्यापक वर्ग ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की ।
- **पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग** ने 19 जुलाई, 2025 को "पत्रकारिता एवं जनसंचार में करियर के अवसर" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र के रूप में आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मीडिया क्षेत्र में उपलब्ध विविध रोजगार अवसरों से अवगत कराना था। महाविद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों की उपलब्धियों एवं अनुभवों के माध्यम से शैक्षणिक अध्ययन और व्यावसायिक वास्तविकताओं के मध्य की दूरी को कम करने का प्रयास किया गया। विभाग ने 19 अगस्त, 2025 को 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' भी मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को फोटोग्राफी के नैतिक पक्ष, ऐतिहासिक महत्व एवं कलात्मक मूल्य से परिचित कराना तथा सामाजिक परिवर्तन, ऐतिहासिक दस्तावेज़ीकरण और कथ्य प्रस्तुति के प्रभावी पत्रकारिक माध्यम के रूप में इसकी भूमिका पर बल देना था। पत्रकारिता में भगत सिंह के योगदान को स्मरण एवं सम्मान देने हेतु विभाग ने 30 सितम्बर, 2025 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा 29 अक्तूबर, 2025 को अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट दिवस, 17 नवम्बर, 2025 को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस एवं राष्ट्रीय प्रेस दिवस तथा 26 नवम्बर, 2025 को संविधान दिवस भी मनाया गया।
- **संगीत विभाग** ने 1 जनवरी, 2026 को विद्यार्थियों के लिए 'संगीत के क्षेत्र में रोजगार के अवसर' विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया। डॉ० मृत्युंजय शर्मा, सहायक प्राध्यापक (संगीत), हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, इस अंतःक्रियात्मक सत्र के मुख्य वक्ता थे। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी तथा हिमाचल प्रदेश के अन्य महाविद्यालयों में संगीत का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों ने सत्र के दौरान स्नातक उपरांत उपलब्ध विभिन्न कैरियर क्षेत्रों के सम्बन्ध में अनेक प्रश्न पूछे।
- 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित पाँच दिवसीय लघुचित्र चित्रकला कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश के भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। विभाग ने अक्तूबर, 2025 के तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह में ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, कोलाज निर्माण, पोस्टर निर्माण तथा कार्टून निर्माण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया।
- **शारीरिक शिक्षा विभाग** ने 25 सितम्बर से 27 सितम्बर, 2025 तक एस.पी.यू. अंतर-महाविद्यालय शूटिंग एवं कबड्डी (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2025 के आयोजन का दायित्व निभाया। विभाग द्वारा सितम्बर, 2025 में

विद्यार्थियों के लिए अंतर-वर्ग वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, शूटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वुशु तथा अन्य खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी के विद्यार्थियों ने 15 अक्तूबर, 2025 को विभाग द्वारा आयोजित क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- **राजनीति विज्ञान विभाग** ने 26 नवम्बर, 2025 को संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता तथा अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 9 अक्तूबर एवं 10 अक्तूबर, 2025 को दो दिवसीय जनसंपर्क (आउटरीच) कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में दो काउंटर स्थापित कर व्यक्तित्व मूल्यांकन, चिंता, तनाव, अवसाद तथा समग्र मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्क्रीनिंग परीक्षण संचालित किए। इन परीक्षणों में संतोषजनक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक समस्याओं से निपटने के विभिन्न उपायों के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय छात्रावास में निवास करने वाली छात्राओं के साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष संवाद भी किया गया। दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

**विज्ञान संकाय**

- **पर्यावरण विज्ञान विभाग** ने 22 दिसम्बर, 2025 को INaturalist स्मार्टफोन अनुप्रयोग का उपयोग करते हुए 'कैंपस जैव-विविधता प्रलेखन परियोजना' संचालित की। लगभग 200 विद्यार्थियों ने इस अन्वेषण में सक्रिय सहभागिता की तथा महाविद्यालय परिसर में लगभग 250 प्रजातियों के 547 अवलोकनों का प्रलेखन किया। इस अभ्यास से विद्यार्थियों में स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ी, साथ ही नागरिक विज्ञान, व्यावहारिक अधिगम तथा जैव-विविधता संरक्षण के प्रति भी सजगता विकसित हुई ।
- **गणित विभाग** ने बी.एस.सी. एवं एम.एस.सी. में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई तथा 9 सितम्बर, 2025 को अभिमुखीकरण सत्र आयोजित किए। इसके अतिरिक्त, विभाग ने 8 नवम्बर 2025 को उन विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया, जो नेट/सेट परीक्षा की तैयारी करने की योजना बना रहे थे। 22 दिसम्बर, 2025 को प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया ।
- **भौतिकी विभाग** ने "NEILS BOHR" के सहयोग से 14 अक्तूबर, 2025 को विद्यार्थियों के लिए "हरित एवं सतत भविष्य हेतु पवन ऊर्जा" विषय पर एक वर्चुअल परिचर्चा आयोजित की। जी.ई. इलेक्ट्रॉनिक्स के वाणिज्यिक प्रमुख श्री पंकज शर्मा इस संवादात्मक सत्र के संसाधन व्यक्ति (Resource person) के रूप में उपस्थित रहे। 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर, 2025 तक भौतिकी एवं गणित विभाग ने बी.एस.सी. (नॉन-मेडिकल) के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण के अंतर्गत कुल चौंतीस (34) विद्यार्थियों तथा तीन प्राध्यापकों ने पुष्पा गुज्राल साइंस सिटी, स्वर्ण मंदिर, वाघा बॉर्डर और आनंदपुर साहिब गुरुद्वारा का शैक्षिक अवलोकन किया। विज्ञान दिवस का आयोजन अन्य विज्ञान विभागों के साथ संयुक्त रूप से 28 फरवरी 2026 को कक्ष संख्या 208 में किया गया, जहाँ विज्ञान के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक वृत्तचित्र निर्माण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं कोलाज निर्माण तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, बी.एससी. द्वितीय वर्ष (भौतिकी प्रमुख) के विद्यार्थियों ने व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने तथा अपने कौशल विषयों के विभिन्न उपकरणों को समझने के लिए आई.टी.आई मंडी का भ्रमण किया।
- **जीव विज्ञान विभाग** ने 16 जुलाई, 2025 को जीव विज्ञान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। विभाग द्वारा 28 अगस्त, 2025 को "पहाड़ बचाओ, ज़िंदगी बचाओ: क्या हम सुन रहे हैं?" विषय पर पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता एवं मॉडल-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 29 सितम्बर, 2025 को "विश्व हृदय दिवस" के अवसर पर हृदय एवं रक्तवाहिनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "स्वस्थ जीवन के लिए प्रसन्न हृदय" विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। विभाग ने 15 नवम्बर, 2025 को Anjani Mahadev Temple and Hidimba Devi Temple के लिए एक शैक्षिक भ्रमण भी आयोजित किया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को पारिस्थितिकी तथा सांस्कृतिक धरोहर स्थलों के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। 15 दिसम्बर एवं 16 दिसम्बर, 2025 को विद्यार्थियों में पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से परिसर सौंदर्यीकरण एवं पुष्पारोपण अभियान संचालित किया गया ।

**सेल्फ-फाइनेंस पाठ्यक्रम (Self Finance Course):**

- बी.बी.ए. विभाग ने 16 अक्तूबर एवं 17 अक्तूबर, 2025 को "प्रकाश पर्व 2025: रोशनी, सीखना और साथ" के उपलक्ष्य में दीवार सौंदर्यीकरण गतिविधि का आयोजन किया। बी.बी.ए.संकाय के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों ने आकर्षक कलाकृतियाँ तथा प्रेरणादायक उद्धरण तैयार किए, जिनमें प्रकाश पर्व का मूल भाव अत्यंत प्रभावशाली रूप में अभिव्यक्त हुआ। दीवार की सजावट सामुदायिक प्रसन्नता, शिक्षा तथा एकजुटता की भावना का सशक्त प्रतीक है।
- 18 सितम्बर से 2 दिसम्बर, 2025 तक इस विभाग के कुल बीस विद्यार्थियों ने एक विशेष "कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहायक पाठ्यक्रम" में सहभागिता की। यह पाठ्यक्रम उनकी डिजिटल दक्षता को सुदृढ़ करने तथा उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित व्यवसायिक परिवेश के लिए तैयार करने के उद्देश्य से रूपांकित किया गया था ।
- 10 से 15 नवम्बर, 2025 तक हिमाचल प्रदेश में आयोजित राज्यव्यापी "Career counselling week" के अंतर्गत विभाग ने "करियर परामर्श सप्ताह" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अधिक आत्म-जागरूक बनाना, उन्हें कार्यक्षेत्र के लिए तैयार करना तथा आवश्यक व्यावसायिक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करना था। बी.सी.ए. विभाग ने 13 अगस्त, 2025 को उच्च शिक्षा निदेशालय (डी.एच.ई.) के निर्देशानुसार 'नशा-मुक्ति शपथ' ग्रहण की। इस विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के साथ मिलकर यह शपथ ली। इस शपथ का उद्देश्य नशे के दुरुपयोग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त, अनुशासित एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था ।
- 4 अक्तूबर, 2025 को विभाग द्वारा 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य-स्वच्छता' विषय पर एक सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 20 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रचनात्मक ढंग से सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए। विभाग के विद्यार्थियों ने 9 अक्तूबर, 2025 को क्रैक एकेडमी के 'मेरे शहर के 100 रत्न' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में भी सहभागिता की। इन समस्त आयोजनों एवं गतिविधियों में राष्ट्र-निर्माण, सामाजिक जागरूकता तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। ये प्रयास शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति महाविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।विभाग ने विद्यार्थियों के समग्र कल्याण हेतु 15 नवम्बर, 2025 को "भावनात्मक बुद्धिमत्ता" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की ।
- 11 से 17 नवम्बर, 2025 तक बी.बी.ए. विभाग ने ध्यान एवं योग क्लब तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान के सहयोग से "मानसिक शांति एवं सकारात्मकता कार्यक्रम" आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में शांत एवं सकारात्मक चिंतन विकसित करना, तनाव-प्रबन्धन की क्षमता को सुदृढ़ करना तथा उनके भावनात्मक स्वास्थ्य को उन्नत करना था।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ 2025-26

विद्यार्थियों की प्रतिभा तथा संस्थान के समग्र विकास को सुदृढ़ करने में प्रत्येक संकाय सदस्य की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी** के संकाय सदस्यों की प्रमुख उपलब्धियों में Ph.D. उपाधि प्राप्त करना, शोध-पत्रों का प्रकाशन, सम्मेलनों में शोध-पत्र प्रस्तुत करना, विभागीय परीक्षाएँ उत्तीर्ण करना तथा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में सहभागिता शामिल है।

- **डॉ० राज कुमार ठाकुर** ने "Advancement in Biogenic Nanoparticle Synthesis, Characterization and its Mechanism in Disease Management (Bio Source Technology Reports)" शीर्षक से एक शोध-पत्र प्रकाशित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में निम्नलिखित शीर्षकों से शोध-पत्र प्रस्तुत किए:-
  1. "Climate Change and Global Water Scarcity"
  2. "Integrating Local Knowledge in Water Stewardship"
  3. "Green Chemistry Approach for Environmental Sustainability"
  4. "Rural Transformation with Natural Chemicals/Dyes"
- **प्रो० अंजू शर्मा** ने राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Mathematical Modeling of Epidemic Dynamics: An Interdisciplinary Approach to Risk Reduction and Resilience" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने उक्त सम्मेलन में एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की।

- **डॉ० मोनिका पंचानी** ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में चार शोध-पत्र प्रकाशित किए। उनके शीर्षक निम्नलिखित हैं: -
  1. "Role of Artificial Intelligence in Sustainable Development Goals with Special Reference to Health and Education"
  2. "Empowering Indigenous People to Accelerate Sustainable Development Goals" — Interdisciplinary Scientific Research Peer Reviewed Journal, ISSN: 2581-8872, Impact Factor: 4.8, Volume 6, 25 January
  3. "Bio-enzyme Production from Waste as an Organic Fertilizer" — Voyager Journal, Volume XVI, December, 2025, pp. 038-046
  4. "Impact of Climate Change on Biodiversity"

  डॉ० मोनिका पंचानी ने विभिन्न शैक्षणिक सम्मेलनों में चार शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए, जिनके शीर्षक निम्नलिखित हैं:-
  1. "Rainwater Harvesting for Sustainable Water Management" - राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर
  2. "Sustainable Practices for Environmental Conservation" - राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर
  3. "Pesticides and Chronic Health Defects" - राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर
  4. "Human-Wildlife Conflict: A Review of Causes and Mitigation Strategies" - राजकीय महाविद्यालय, भोरंज

वे जलवायु परिवर्तन विषयक एक सेमिनार में मुख्य वक्ता (Keynote Speaker) के रूप में आमंत्रित की गईं। इसके अतिरिक्त उन्होंने "Harnessing AI Tools", "Chat GPT 5" तथा "Environmental Humanities" विषयों पर आयोजित संकाय विकास कार्यक्रमों (FDPs) में भी सहभागिता की।

- **डॉ० संदीप सिंह राघव** ने IJRSS (UGC Approved Journal No. 48887, ISSN: 2249-2496, Impact Factor: 7.081, Volume 15, Issue 99, September, 2025) में "Built Heritage in Historical Perspective: Palaces, Temples and Colonial Structures of Mandi Region" शीर्षक से एक शोध-पत्र प्रकाशित किया। उन्होंने Government Degree College, Chail-Koti (Shimla) में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Cultural Heritage as a Means of Economic Development: Insights from Mandi Region (HP)" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया । इसके अतिरिक्त, डॉ० राघव ने "Future Leadership: Innovation and Excellence in Education" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भी सहभागिता की।

- **फ्लाइंग ऑफिसर डॉ० चमन लाल** ने विभिन्न प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय जर्नलों तथा पुस्तकों में अनेक शोध-पत्र और पुस्तक अध्याय प्रकाशित किए। उनके प्रमुख शोध-पत्रों के शीर्षक निम्नलिखित हैं—
  1. "Indigenous Naga Communities' Indelible Imprint in Himachal Himalaya: A Media Discourse"
  2. "Negative Aspects of Bhunda Mahayagya 'Narbali' (Human Sacrifice) in Himachal Himalaya: A Media Discourse"
  3. "Challenges in Implementing National Education Policy 2020 in Himachal States: A Media Discourse"
  4. "Media Mapping of Human Rights Violations: A Case Study of Scheduled Castes in India"
  5. "Naga-Arya Conflict and Accord in Himachal Himalaya: Media Controversy over the Invisible War between Deities and Demons at Ghoghardhar, Mandi - A Folk Belief"
  6. "Regional Disparities in Socio-Economic Development between Scheduled Castes and Non-Scheduled Castes in Himachal Himalaya"
  7. "Role of Space Media in Addressing Disasters: A Case Study of Kotropi Landslide along with Drang and Gumma Salt Mines in Dhauladhar Range of Himachal Himalaya"

इसके अतिरिक्त, डॉ0 चमन लाल ने सह-लेखक के रूप में "Dr. B. R. Ambedkar's Theory of Religion and Conversion: A Media Discourse" शीर्षक से तथा "Sati: A Religious Myth Transformed into a Social Practice" विषय पर दो पुस्तक अध्याय भी प्रकाशित किए। उन्होंने मानव सेवा ट्रस्ट, किसान भवन (बिलासपुर) में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में "Bharat Ratna Dr. B. R. Ambedkar's Role in Socio-Economic, Political,

Infrastructural and Constitutional Development of India" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, डॉ० चमन लाल ने चार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा एक राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। उन्होंने SCVB Government College (Palampur) द्वारा आयोजित Faculty Development Program में भी भाग लिया।

- **डॉ० राधिका जमवाल** ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर, मण्डी द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Sustainable Desalination and Advanced Water Treatment Technologies" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने "Leading the Future: Innovation and Excellence in Academia" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भी सहभागिता की।
- **प्रो० परविंदर कौर** ने Journal of Mechanics of Continua and Mathematical Sciences में "Double Elzaki Transform and Adomian Polynomial for Solving Benjamin Ono and Buckmaster Equation" तथा "Double Elzaki Transform and Adomian Polynomial for Solving PDEs" शीर्षक से दो शोध-पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने Government College, Reckong Peo (Kinnaur) में आयोजित "Community, Culture and Conservation: Tribal Pathways to Sustainable Prosperity" शीर्षक वाले एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, प्रो० परविंदर कौर ने NIT, Hamirpur द्वारा आयोजित एक अल्पकालिक पाठ्यक्रम (Short-Term Course) में भी भाग लिया।
- **डॉ० संजय कुमार** ने राजकीय महाविद्यालय, भोरंज में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Resilient Women, Innovative Solutions & Sustainable Environment" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- **प्रो० अर्चना** ने विभिन्न सम्मेलनों में दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए—

1. राजकीय महाविद्यालय, डेहर में "Narrating the Unthinkable: Disasters in Folktales and Stories"
2. राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर में "Threads of Knowledge, Culture, Creativity and Values in Indian Knowledge System" इसके अतिरिक्त, उन्होंने एक राष्ट्रीय सम्मेलन में "Reimagining the Teaching of Indian English Literature in the Digital Age" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। प्रो0 अर्चना ने "Shiv Katha and Leadership Insights: A Study in Indigenous Management Systems" तथा "Lit or Nah: Teaching Literature through Pop Culture" विषयों पर आयोजित ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रमों में सहभागिता की। साथ ही, उन्होंने "Introduction to Hindu Iconography from Vishnu to Navagraha: Forms, Gestures and Meanings" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के ऑनलाइन अल्पकालिक पाठ्यक्रम (STC) में भी भाग लिया।

- **डॉ० अनुज कुमार** ने "Entrepreneurship Development" विषय पर आयोजित एक अल्पकालिक पाठ्यक्रम (Short-Term Course) में सहभागिता की।
- **प्रो० याचना शर्मा** ने **NIPER, Mohali** में आयोजित "Investigating Structural, Electrical and Mechanical Properties of Noble Metal Pristine and Alloyed Monolayers" शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, डेहर में आयोजित "Disaster Management" शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर में आयोजित एक सम्मेलन में सहभागिता की तथा "Interdisciplinary Approach to Quantum Science and Technology (IAQST-2025)" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भी भाग लिया।
- **प्रो० राज कुमारी** ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 3 शोध-पत्र प्रस्तुत किए, जिनके शीर्षक निम्नलिखित हैं:-
    1. राजकीय महाविद्यालय, डेहर में "Impact of Disasters on Biodiversity"
    2. राजकीय महाविद्यालय, घुमारवीं में "Renewable Energy and Conservation: Multidisciplinary Perspectives, Advantages and Challenges"
    3. राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में "Impact of Good Health, Healthy Mind and Body on Teaching-Learning Process and the Role of Education"

उन्होंने Srinidhi University, Hyderabad तथा Holy Cross College, Tamil Nadu द्वारा आयोजित दो संकाय विकास कार्यक्रमों (FDP) में भी सहभागिता की।

- **डॉ० नीतू** ने MMTTC, Guru Nanak Dev University, Amritsar द्वारा आयोजित "NEP 2020 Orientation and Sensitization Program" में भाग लिया। उन्होंने "Concepts in Botany" (by Dr. S. K. Kataria, Dr.

Sarika Maheshwari and Yogendra Kumar Singh) नामक पुस्तक में अध्याय संख्या 9 "Photosynthesis" प्रकाशित किया। ISBN: 978-81-989424-8-7। डॉ0 नीतू ने TS Negi GC, Reckong Peo (Kinnaur) में आयोजित "Lifestyle Issues in Adolescence - with Special Emphasis on Nutritional Behavior" शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में तथा राजकीय महाविद्यालय, डेहर में आयोजित "Biodiversity as a Tool for Post-Disaster Ecological Restoration" शीर्षक वाले सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किए।

- **डॉ० दीपाली अशोक** ने MMTTC, Guru Nanak Dev University, Amritsar द्वारा आयोजित "NEP 2020 Orientation and Sensitization Program" में सहभागिता की। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, डेहर में आयोजित "Disaster Healthcare Strategies: Role of Medicinal Plants in India" तथा TS Negi GC, Reckong Peo (Kinnaur) में आयोजित "Climate and Sustainability: Tribal Models of Natural Resource Management in Spiti Valley" शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध-पत्र प्रस्तुत किए।
- **प्रो० शिखा कपूर** ने राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "From Protest to Narrative: Disaster, Dissent and the Narmada Valley in Orijit Sen's River of Stories" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- **प्रो० कंचन परमार** ने Materials Research Bulletin में "Sustainable Valuation of Green Tea Waste into Inherent-Heteroatom-Activated Carbon for Environmental Remediation and Energy Application" शीर्षक से एक शोध-पत्र प्रकाशित किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, डेहर तथा राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी सहभागिता की।
- **डॉ० ज्योत्सना** को Career Point University, Kota (Rajasthan**)** से **Ph.D.** की उपाधि प्राप्त हुई। उनके शोध प्रबंध का शीर्षक था "The Construction of Childhood: A Psychoanalytic Study under Existential Ambience in the Select Works of Ranjit Lal"। उन्होंने Ruminations (A Peer-Reviewed Bi-Annual International Journal of Analysis and Research in Humanities and Social Sciences), ISSN 2229-6751 में "The Battle for Number 19: A Critical Inquiry into Human Resilience Amidst Chaos" शीर्षक से एक शोध-पत्र प्रकाशित किया। डॉ० ज्योत्सना ने राजकीय महाविद्यालय, डेहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Wings Against the Storm: Anthropomorphism and Disaster Awareness in Children's Digital Animation" तथा राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "From Epics to Everyday Tales: Indian Knowledge System in Contemporary Children's Literature" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट द्वारा आयोजित "Effective Communication Tools in Hybrid Work Environment: Role and Challenges" विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में ऑनलाइन शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने Gokul Global University, Siddhpu**r** द्वारा आयोजित "Mythological Paradigms: Greek Mythology and its Relevance in Contemporary Literature" विषय पर राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम में सहभागिता की। साथ ही, उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर द्वारा आयोजित 'Revisiting Roots, Reimagining Futures: Multidisciplinary Perspectives on Indian Knowledge System' शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में तकनीकी सत्र 1.2 की अध्यक्ष (Chairperson) के रूप में दायित्व निभाया।
- **प्रो० प्रियंका रंधावा** ने राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Unveiling the Hidden Factors of Climate Change" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- **डॉ० वृंदा शांडिल** को Eternal University, Baru Sahib (HP) द्वारा **Ph.D.** की उपाधि प्रदान की गई। उनके शोध प्रबंध का शीर्षक था: "Transcending the Boundaries of Perception: A Feminist Study of Selected Texts of Maya Angelou, Kamala Das, Azar Nafisi and Alice Walker"। उन्होंने "Nurturing Minds: Innovative Teaching, Student Engagement and Faculty Wellbeing" तथा "Teach Next: Empowering and Advanced Future Skills for Faculty in the Age of AI" शीर्षक वाले संकाय विकास कार्यक्रमों (FDP) में सहभागिता की।
- **प्रो० महिंदर सिंह** ने Delhi University (CPDHE) से रसायन विज्ञान विषय में ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया।

- **डॉ० विनोद कुमार** ने Eliva Press, Europe से "Environment and Human Health" विषय पर 09-06-2025 को एक पुस्तक प्रकाशित की (ISBN: 978-99993-3-086-2)। उन्होंने MMTTC, Ishwar Saran PG College (Prayagraj) से "Emerging Trends in Social Sciences and Humanities" विषय पर बहुविषयी रिफ्रेशर कोर्स भी किया। डॉ० विनोद कुमार ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में विविध विषयों पर नौ शोध-पत्र प्रकाशित किए, जिनमें अपशिष्ट प्रबन्धन, वैश्वीकरण, साहित्यिक चोरी, STI/RTI, जनजातीय अध्ययन, प्रवासन, सतत विकास तथा वंचित समुदायों से संबंधित विषय शामिल हैं। उन्होंने देशभर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मेलनों में दस शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने "Leading the Future: Innovation and Excellence in Academia" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भी भाग लिया।
- **प्रो० जितेंद्र कुमार** ने राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित "Disaster Management: Interdisciplinary Approach to Resilience, Recovery and Reduction" नामक एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने Srinidhi University (Hyderabad) तथा Holy Cross College, Tiruchirappalli (Tamil Nadu**)** द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रमों (Faculty Development Programme) में भी सहभागिता की।
- **प्रो० अंजू बाला** ने एक राष्ट्रीय सम्मेलन में "हिन्दी साहित्य में वर्ण, मानवीय मूल्य और सामाजिक संदर्भ में उनका योगदान" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसका आयोजन GDC Drang (Nerla, Mandi) द्वारा किया गया था। उन्होंने "Education, Literature and Society in the Era of Disasters: An Analysis" शीर्षक से एक अन्य सम्मेलन में भी शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जो राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर में आयोजित हुआ था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने "Service Rules and Regulations for Teachers in Higher Education" तथा "Leading the Future: Innovation and Excellence in Academia" विषयों पर आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रमों (FDP) में भी सहभागिता की।
- **डॉ० रोजिला पुरी** ने दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध-पत्र प्रस्तुत किए। पहला शोध-पत्र "Ozone Layer: A Natural Shield in Disaster Management" शीर्षक से था, जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा किया गया था। दूसरा शोध-पत्र "Green Chemistry: A Sustainable Path to Tackle Climate Change in HP" शीर्षक से था, जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर ने किया था। उन्होंने GDC Rampur Bushahr (Shimla) द्वारा आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भी भाग लिया।
- **डॉ० देश राज** ने Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya, Sonipat (Haryana) द्वारा आयोजित "Research Methodology and Data Analysis through SPSS/R" शीर्षक वाले रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया। उन्होंने SPU (Mandi) द्वारा आयोजित "Role of Sardar Vallabhbhai Patel in the Integration of India" तथा GDC Drang (Nerla) द्वारा आयोजित "Need of Sustainable Development for a Developing Country like India" शीर्षक वाले शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने "Role of Nanotechnology in Environmental Remediation" विषय पर आयोजित एक संकाय विकास कार्यक्रम में भी भाग लिया।
- **डॉ० मुजीब हुसैन ने** राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित "Bengal Famine through the Works of Artist Chittaprosad" तथा Post-Graduate College (Muzaffarnagar) द्वारा आयोजित "Pahari Miniature Painting of Mandi" शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने Government College, Drang (Mandi) द्वारा आयोजित "Education, Employment and Sustainable Development" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भी सहभागिता की।
- **डॉ० अरविंद कुमार** ने "Possibilities of Adventure Tourism around Mandi City of Himachal Pradesh" तथा "Possibilities of Religious Tourism in Mandi City of Himachal Pradesh" शीर्षक से दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने Dr. Sarvepalli Radhakrishnan राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर द्वारा आयोजित "Climate Change and Global Water Scarcity: Threats, Challenges and Sustainable Solutions" विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन तथा राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट द्वारा आयोजित "Rural Transformation, Skill Development and Entrepreneurship" विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। उन्हें Netaji Subhash Chandra Bose GDC (Hamirpur) तथा Vallabh Government College (Mandi) में B.Voc. (Hospitality and Tourism) विभाग में अतिथि प्राध्यापक के चयन हेतु विषय-विशेषज्ञ के रूप में

आमंत्रित किया गया। डॉ0 अरविंद कुमार को SPU (Mandi) द्वारा संचालित 'Tour and Travel' विषय के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

- **डॉ० विपाशा कश्यप** ने राजकीय महाविद्यालय, डेहर में आयोजित एक सम्मेलन में "Communication through Literature and Visual Arts to Cope with Post-Traumatic Stress" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने American Psychological Association द्वारा आयोजित "The Adaptive Mind" तथा "Applying Psychological Flexibility in Clinical Practice" विषयक वेबिनारों में भी सहभागिता की।
- **प्रो० संतोष कुमार** ने UGC MMTTC, Aligarh Muslim University (Aligarh**)** द्वारा आयोजित "Entrepreneurship Development" विषयक ऑनलाइन अल्पकालिक पाठ्यक्रम में भाग लिया।
- **डॉ० निर्मल सिंह** ने UGC-MMTTC, Central University of Gujarat द्वारा आयोजित एक Faculty Development Program में भाग लिया। उन्होंने UGC-MMTTC, Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (Sonipat) द्वारा आयोजित एक सप्ताह के Short Term Course में भी सहभागिता की।
- **डॉ० सुरेन्द्र कुमार** ने राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Impact of AI on Employment and Automation" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने "Interdisciplinary Approach to Quantum Science and Technology (IAQST-2025)" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के Faculty Development Program में भी भाग लिया। उन्होंने Srinidhi University (Hyderabad) तथा Holy Cross College, Tiruchirappalli (Tamil Nadu**)** द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रमों (Faculty Development Programme) में भी सहभागिता की।
- **प्रो० गुन्जन हाजरी** ने विभिन्न सम्मेलनों में तीन शोध-पत्र प्रस्तुत किए। पहला शोध-पत्र "From Obstruction to Awakening: Remaindered Education and Civic Consciousness in Anita Desai's Fasting, Feasting" शीर्षक से था, जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ द्वारा किया गया। दूसरा शोध-पत्र "Gender, Land and Loss: Ecofeminist Consciousness and Tribal Memory in Sheela Tomy's Valli" शीर्षक से था, जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय, डेहर ने किया। तीसरा शोध-पत्र "Memory, Myth and Resistance: Reclaiming Indigenous Knowledge in Amitav Ghosh's Gun Island" शीर्षक से था, जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर द्वारा किया गया।
- **डॉ० सन्तोष कुमार** ने "Ecological Adventure Travel, Health, Hospitality and Cultural Tourism" विषय पर आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।
- **डॉ० सुमन भारद्वाज** ने GBPM Government College, Rampur (Shimla) की Research Development and Innovation Committee द्वारा आयोजित "Bridging Policy and Practice: The Role of Communities in Sustainable Water Management" तथा राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित "Integrating Knowledge through Education and Science: A Comprehensive Approach to Disaster Management" शीर्षक वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने "Leading the Future: Innovation and Excellence in Academia" शीर्षक से आयोजित एक सप्ताह के ऑनलाइन Faculty Development Program में भी सहभागिता की।
- **डॉ० सुनील सेन** ने राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट द्वारा आयोजित "Role of Sports and Physical Activity in Preventive Healthcare for Rural Population" शीर्षक वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने SPU (Mandi) द्वारा आयोजित National Visioning Conference, "Imagining the University of Tomorrow: A Transdisciplinary Dialogue on the Future of Education" में भी सहभागिता की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने MMTC, Gujarat University द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षा विषयक रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया
- **डॉ० माधवी जोशी** ने MMTTC, Guru Nanak Dev University (Amritsar) द्वारा आयोजित "NEP 2020 Orientation and Sensitization Programme" में सहभागिता की। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, जोगिन्द्र नगर के Sociology Department एवं R&D Cell द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "From Margins to Mainstream: The Sociology of Transgender Inclusion" में भी भाग लिया

- **डॉ० बलबीर सिंह** ने "Tourism, Commerce and Management" पर आयोजित विषयक रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया, जिसका आयोजन MMTTC, Central University of Himachal Pradesh (Dharamshala) द्वारा किया गया था, तथा उन्होंने दो शोध पत्र प्रस्तुत किए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में और दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन में। इन शोध पत्रों के शीर्षक थे "Role of Local Governance in Effective Disaster Management" (आयोजक: राजकीय महाविद्यालय, डेहर) तथा "An Empirical Study of Growth Prospects of Micro, Small and Medium Enterprises in the Development of Himachal Pradesh" (आयोजक: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चंबा)। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संदर्भित शोध पत्रिका में "The Role of Blockchain Technology in Auditing and Financial Transperancy: Implementation for Modern Financial Reporting" शीर्षक से एक शोध लेख प्रकाशित किया।
- **प्रो० लतेश्वरी** ने "SentiQNN: Advancing Sentiment Analysis through Quantum-Inspired Neural Networks - A Comparative Analysis with Existing Approaches" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने "AI Tools for Academic Work and Classroom Innovation" तथा "Information and Communication Technology" विषयों पर आयोजित Faculty Development Programmes में भी सहभागिता की
- **प्रो० नरेश कुमार** ने "Gendered Impacts of Climate-Induced Water Crisis" शीर्षक से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर द्वारा किया गया था। उन्होंने "Deluge in the Puranas" विषय पर राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित सम्मेलन में भी सहभागिता की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने GBPM Government College, Rampur (Shimla**)** द्वारा आयोजित एक सप्ताह के Faculty Development Programme में भाग लिया ।
- **प्रो० मीनाक्षी जोहल** ने Aakash Publications के साथ "Comparative Government and Politics" नामक पुस्तक प्रकाशित की। उन्होंने JNU (Delhi) से एक रिफ्रेशर कोर्स किया। उन्होंने 'UNO Foundation Day' के अवसर पर Himachal Pradesh University (Shimla**)** में शोध-पत्र प्रस्तुत किया । प्रो० मीनाक्षी ने SCVB, Palampur द्वारा आयोजित एक Faculty Development Programme में भी सहभागिता की। उन्हें SPU, Mandi द्वारा संचालित 'Political Science' विषय के बोर्ड ऑफ स्टडीज़ का सदस्य नियुक्त किया गया
- **डॉ० कविता** ने तीन शोध-पत्र प्रकाशित किए। पहला शोध-पत्र "Selection of Oxalic Acid Treated Coir Fabric for Unpaved Roads Using TOPSIS Technique" शीर्षक से Cellulose में प्रकाशित हुआ। दूसरा शोध-पत्र "Prediction of Air Permeability of Herringbone Weave Using Computational Fluid Dynamics and Finite Element Method" शीर्षक से Journal of Fibers and Polymers में प्रकाशित हुआ। तीसरा शोध-पत्र "Selection of Hydrogen Peroxide-Treated Coir Geotextile for Road Pavement Using Grey Relational Analysis" शीर्षक से Journal of Fibers and Polymers में प्रकाशित हुआ। उन्होंने "Unified Approach to Solving Differential Equations: From Classical Method to Neural Network (UniSDE-2025)" विषय पर आयोजित एक ऑनलाइन Faculty Development Programme में भी भाग लिया
- **डॉ० शिवेंद्र सांगर** ने विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Socio-Economic Impact of Disasters in India" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। डॉ0 शिवेंद्र ने "Innovation and Excellence in Academia" विषय पर आयोजित एक सप्ताह के Faculty Development Programme में भी सहभागिता की ।
- **प्रो० अदिति शर्मा** ने तीन शोध-पत्र प्रकाशित किए। पहला शोध-पत्र "Constructing Climate Resilience: Newspaper Coverage of Adaptation Policy in India" The Journal of Applied Bioanalysis (ISSN 2405-710X) में प्रकाशित हुआ। दूसरा शोध-पत्र "Beyond the Playing Field: Gender Frames and the Media Representation of Indian Athletes in the 2024 Paris Olympics" EU-topías: A Journal on Interculturality, Communication, and European Studies में प्रकाशित हुआ। तीसरा शोध-पत्र "A Critical Analysis of Climate Change Representation in North Indian Newspapers and Its Impact on Public Opinion" Journal of Environmental Protection and Ecology, Volume 26, Number 8, 2025 (Pages 3096-3106) में प्रकाशित हुआ। उन्होंने एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Toward a Theory of AI-Enhanced Accuracy in Climate Change Journalism" तथा Chandigarh University द्वारा आयोजित

सम्मेलन में "Modeling AI-Facilitated Accuracy in Climate Science Journalism" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किए। डॉ० अदिति ने "Research Fundamentals: From Design to Ethical Practice" तथा "Use of Interviews in Qualitative Research in Social Sciences" विषयों पर आयोजित एक सप्ताह के Faculty Development Programme में भी सहभागिता की ।

- **डॉ० मनोज ठाकुर** ने Aakash Publications की एक पाठ्यपुस्तक में "Unit 1: Introduction to Environmental Studies and Ecosystems in Environmental Science" शीर्षक से एक अध्याय प्रकाशित किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, डेहर द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Habitat Alterations due to Floods in Himalayan Rivers: Impact on Aquatic and Terrestrial Life in Himachal Pradesh" तथा "Phytoremediation: A Sustainable Green Technology for Wastewater Treatment and Environmental Restoration" शीर्षक से दो शोध-पत्र प्रस्तुत किए। डॉ० मनोज ने Voyager: Volume XVI, 2025 (ISSN: (P) 0976-7436, (e) 2455-054X, Impact Factor 8.419 - SJIF) में "Implementation of Environmental Legislation in Himachal Pradesh, India: An Overview" शीर्षक से एक शोध-पत्र भी प्रकाशित किया ।

- **प्रो० तान्ज़िन छोम्मो** ने राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर तथा Himachal Pradesh English Teachers Forum द्वारा आयोजित सम्मेलन में "Marital Folk Songs of Spiti Valley: Documenting Cultural Heritage" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने "Environmental Humanities: Reading Nature, Society and Ethics" तथा "AI Tools for Research: Enhancing Academic Productivity and Innovation" विषयों पर आयोजित Faculty Development Programme में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने "Post-Truth Narratives: Contemporary Literature, Media and the Politics of Belief" विषय पर आयोजित एक Short-Term Programme में भी भाग लिया ।

- **प्रो० ज्योति ठाकुर** ने Eco. Environment and Conservations में "First Record of Mammalian Diversity from Shikari Devi Wildlife Sanctuary in Mandi District of Himachal Pradesh, India" शीर्षक से शोध-पत्र प्रकाशित किया। उन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में चार शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए ।

- **प्रो० दीप्ति ठाकुर** ने SRISHTI एवं Tourism Industry द्वारा Chandigarh University, Mohali (Punjab) में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "Smart Tourism Strategies for the Digital Era: Exploring the Role of IoT and Emerging Technologies in Revolutionizing the Travel Industry" शीर्षक से शोध-पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने "Advancements in Next Generation Computing and Communications in the IoT Era" विषय पर पाँच दिवसीय Faculty Development Programme तथा "Emerging Frontiers in Generative AI and Deep Learning" विषय पर पाँच दिवसीय वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय FDP में भी सहभागिता की

- **श्री चंदर सिंह** ने Indian Institute of Advanced Study (Shimla**)** एवं INFLIBNET Centre (Gandhinagar) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पाँच दिवसीय "INFLIBNET Regional Training Programme on Library Automation (IRTPAL)" में भाग लिया ।

- **श्रीमती रूमा देवी** ने Indian Institute of Advanced Study (Shimla) तथा INFLIBNET Centre (Gandhinagar) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पाँच दिवसीय "INFLIBNET Regional Training Programme on Library Automation (IRTPAL)" में सहभागिता की। उन्होंने "Koha - Integrated Library Management System" विषय पर आयोजित तीस दिवसीय ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी पूर्ण किया ।

- **श्रीमती भगवती भारद्वाज** ने Indian Institute of Advanced Study (Shimla) तथा INFLIBNET Centre (Gandhinagar) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पाँच दिवसीय "INFLIBNET Regional Training Programme on Library Automation (IRTPAL)" में भाग लिया ।

महोदय, यह प्रतिवेदन हमारी निरंतर प्रगति और उपलब्धियों की यात्रा का एक संक्षिप्त विवरण है। यह हमारे प्रतिष्ठित संस्थान के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र अत्यंत सफल रहा है। इस दौरान सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई तथा उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए। इसका संपूर्ण श्रेय महाविद्यालय के समर्पित शिक्षक वर्ग एवं गैर-शिक्षक वर्ग को जाता है।

**वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी** के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि निरंतर बढ़ती संख्या में विद्यार्थी यहाँ प्रवेश लेना चाहते हैं। वर्ष 1948, में केवल 20 विद्यार्थियों के साथ प्रारंभ हुआ यह महाविद्यालय, आज 5356 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह हमारे लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है।

वर्तमान में, स्थान की कमी महाविद्यालय के समक्ष एक गंभीर समस्या है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा भवन के ऊपरी मंजिल का उपयोग किया जा रहा है, जिसे महाविद्यालय को वापिस प्रदान किए जाने की आवश्यकता है, ताकि स्थानाभाव की समस्या को दूर किया जा सके। साथ ही, निर्माणाधीन भवन के पूर्ण होने पर इस समस्या के समाधान की आशा है। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरना तथा आवश्यकतानुसार नए पद सृजित करना अत्यंत आवश्यक है।

शिक्षक वर्ग के लिए आवासीय सुविधा की स्थिति पर भी तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रारंभ में यहाँ 18 सरकारी आवास उपलब्ध थे, परंतु वर्तमान में केवल चार ही रहने योग्य अवस्था में हैं, जिन्हें भी मरम्मत की आवश्यकता है। शेष सरकारी आवास या तो ध्वस्त कर दिए गए हैं अथवा अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। भूमि का एक बड़ा भाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय को प्रदान किए जाने से संकाय सदस्यों के लिए आवास की समस्या और गंभीर हो गई है। इस समस्या के समाधान हेतु शेष उपलब्ध भूमि पर बहुमंजिला आवासीय भवन निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है। इस दिशा में आपके सहयोग की अपेक्षा है, जिससे हमारे शिक्षकों को उचित आवास सुविधा उपलब्ध हो सके।

इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में भौतिकी, रसायन विज्ञान, प्राणिविज्ञान, संस्कृत, एम.सी.ए. तथा एम.बी.ए. में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने का निवेदन है। ये पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करेंगे, शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देंगे, क्षेत्रीय विकास में सहायक सिद्ध होंगे तथा विद्यार्थियों को अन्य स्थानों पर जाए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेंगे।

हम मण्डी नगर के विभिन्न विभागों–जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनसंपर्क विभाग, मीडिया तथा नगर निगम, मण्डी के वर्ष भर प्रदान किए गए सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर पधारे हमारे मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों के प्रति भी हम कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

मैं, सभी पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ तथा अन्य विद्यार्थियों से अपेक्षा करता हूँ कि वे उनसे प्रेरणा लेकर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर हों। आगामी परीक्षाओं के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ।

**जय हिंद !**

**डॉ० संजीव कुमार**
**प्राचार्य, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मण्डी।**